**भारतीय स्टेट बैंक**

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग,
कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई

फोन: 022-2282 0427, ईमेल: crpd@sbi.co.in





# ईज़ 7.0 प्रशस्ति समारोह में एसबीआई को ''सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बैंक'' श्रेणी में समग्र विजेता के रूप में सम्मानित किया गया



# कनिष्ठ सहयोगियों (ग्राहक सहायता एवं विक्रय) की भर्ती

## (विज्ञापन संख्या: CRPD/CR/2025-26/06)

## आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क जमा करने की तिथि: 06.08.2025 से 26.08.2025

भारतीय स्टेट बैंक में लिपिकीय संवर्ग में कनिष्ठ सहयोगी (ग्राहक सहायता एवं विक्रय) के रूप में नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. उम्मीदवार केवल एक राज्य/यूटी के लिए ही आवेदन कर सकते हैं. इस भर्ती परियोजना के तहत उम्मीदवार केवल एक बार ही इस परीक्षा में भाग ले सकते हैं. एक विशेष राज्य/यूटी के रिक्त-पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को उस राज्य/यूटी की निर्दिष्ट चयन की गई स्थानीय भाषा (प्रत्येक राज्य/यूटी के सामने दी गई रिक्त-पदों की तालिका में उल्लिखित) में कुशल (पढ़ना, लिखना, बोलना और समझना) होना चाहिए. निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा के ज्ञान की परीक्षा चयन प्रक्रिया के एक भाग के रूप में आयोजित की जाएगी. यह परीक्षा, ऑनलाइन मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद परंतु बैंक की सेवा में आने से पूर्व आयोजित की जाएगी. जो उम्मीदवार इस परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं होते हैं, उन्हें नियुक्ति का प्रस्ताव नहीं दिया जाएगा. जो उम्मीदवार निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा का अध्ययन किए जाने के प्रमाणस्वरूप 10वीं या 12वीं कक्षा की अंक तालिका या प्रमाणपत्र प्रस्तुत करते हैं, उन्हें उस भाषा की परीक्षा देना आवश्यक नहीं होगा. **भर्ती किए जाने वाले कनिष्ठ सहयोगियों के अंतर मंडल स्थानांतरण/अंतर राज्य स्थानांतरण के लिए कोई प्रावधान नहीं है. हालाँकि, एक ही राज्य में स्थित दो मंडलों (सर्किलों) के बीच इंटर-सर्कल स्थानांतरण की अनुमति होगी, अर्थात केवल हरियाणा राज्य में दिल्ली मंडल और चंडीगढ़ मंडल, केवल उत्तर प्रदेश राज्य में दिल्ली मंडल और लखनऊ मंडल तथा केवल महाराष्ट्र राज्य में मुंबई मेट्रो मंडल और महाराष्ट्र मंडल.**

प्रारंभिक परीक्षा अनन्तिम रूप से **सितंबर 2025** में आयोजित की जाएगी और मुख्य परीक्षा अनन्तिम रूप से **नवंबर 2025** में आयोजित की जाएगी. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संपूर्ण विवरण और अद्यतन जानकारी के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current-openings** या **https://www.sbi.co.in/web/careers/current-openings** को नियमित रूप से देखें. परीक्षा, बिन्दु क्र.4 के अंतर्गत चयन प्रक्रिया में दिए गए विवरण के अनुसार आयोजित की जाएगी.

**रिक्त पद:**

| मंडल | राज्य/ केन्द्र शासित प्रदेश (यूटी) | भाषा* | नियमित रिक्त पद | | | | | | | | | | | | पिछले बकाया रिक्त पद | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | श्रेणीवार | | | | | | पीडब्ल्यूबीडी | | | | भूतपूर्व सैनिक | | अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. | | | | पीडब्ल्यूबीडी | | | | | भूतपूर्व सैनिक | | |
| | | | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | ईडब्ल्यूएस | सामान्य | कुल | वीआई | एचआई | एलडी | डी और ई@ | एक्सएस | डीएक्सएस | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | कुल | वीआई | एचआई | एलडी | डी और ई | कुल | एक्सएस | डीएक्सएस | कुल |
| गांधीनगर | गुजरात | गुजराती | 15 | 33 | 59 | 22 | 91 | **220** | 3 | 2 | 2 | 2 | 22 | 9 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| अमरावती | आंध्र प्रदेश | तेलुगू/उर्दू | 49 | 21 | 83 | 31 | 126 | **310** | 4 | 3 | 3 | 3 | 31 | 13 | 0 | 3 | 0 | 3 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| बेंगलूरु | कर्नाटक | कन्नडा | 43 | 18 | 72 | 27 | 110 | **270** | 3 | 3 | 3 | 2 | 27 | 12 | 1 | 10 | 0 | 11 | 0 | 7 | 7 | 6 | 20 | 106 | 92 | 198 |
| भोपाल | मध्य प्रदेश | हिंदी | 15 | 20 | 15 | 10 | 40 | **100** | 1 | 1 | 1 | 1 | 10 | 4 | 8 | 46 | 0 | 54 | 0 | 4 | 4 | 0 | 8 | 22 | 15 | 37 |
| | छत्तीसगढ़ | | 26 | 70 | 13 | 22 | 89 | **220** | 3 | 2 | 2 | 2 | 22 | 9 | 0 | 45 | 0 | 45 | 0 | 3 | 3 | 3 | 9 | 18 | 14 | 32 |
| भुवनेश्वर | ओड़िशा | ओडिया | 30 | 41 | 22 | 19 | 78 | **190** | 2 | 2 | 2 | 2 | 19 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| चंडीगढ़/नई दिल्ली | हरियाणा $ | हिंदी/पंजाबी | 25 | 0 | 36 | 13 | 64 | **138** | 2 | 2 | 1 | 1 | 13 | 5 | 5 | 0 | 0 | 5 | 0 | 1 | 1 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| चंडीगढ़ | जम्मू एवं कश्मीर यूटी | उर्दू/हिंदी | 2 | 3 | 7 | 2 | 15 | **29** | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | हिमाचल प्रदेश | हिंदी | 17 | 2 | 13 | 6 | 30 | **68** | 1 | 1 | 1 | 0 | 6 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | लद्दाख यूटी | उर्दू/लद्दाखी/ भोटी (बोधि) | 2 | 4 | 9 | 3 | 19 | **37** | 1 | 1 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | पंजाब | पंजाबी/हिंदी | 51 | 0 | 37 | 17 | 73 | **178** | 2 | 2 | 2 | 2 | 17 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| चेन्नई | तमिलनाडु | तमिल | 72 | 3 | 102 | 38 | 165 | **380** | 4 | 4 | 4 | 4 | 38 | 17 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| हैदराबाद | तेलंगाना | तेलुगू/उर्दू | 40 | 17 | 67 | 25 | 101 | **250** | 3 | 3 | 2 | 2 | 25 | 11 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 2 | 5 | 12 | 35 | 23 | 58 |
| जयपुर | राजस्थान | हिंदी | 44 | 33 | 52 | 26 | 105 | **260** | 3 | 3 | 3 | 2 | 26 | 11 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 9 | 0 | 7 | 16 | 0 | 27 | 27 |
| कोलकाता | पश्चिम बंगाल | बांगला/नेपाली | 62 | 13 | 59 | 27 | 109 | **270** | 3 | 3 | 3 | 2 | 27 | 12 | 5 | 0 | 2 | 7 | 2 | 1 | 1 | 1 | 5 | 0 | 4 | 4 |
| | अंड. व निको. द्वीप | हिंदी/अंग्रेजी | 0 | 2 | 8 | 3 | 17 | **30** | 1 | 1 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 1 | 1 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 2 |
| | सिक्किम | नेपाली/अंग्रेजी | 1 | 4 | 4 | 2 | 9 | **20** | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| लखनऊ/नई दिल्ली | उत्तर प्रदेश $ | हिंदी/उर्दू | 107 | 5 | 138 | 51 | 213 | **514** | 6 | 5 | 5 | 5 | 51 | 23 | 0 | 2 | 0 | 2 | 1 | 6 | 5 | 5 | 17 | 18 | 0 | 18 |
| महाराष्ट्र/मुंबई मेट्रो | महाराष्ट्र $ | मराठी | 47 | 42 | 127 | 47 | 213 | **476** | 6 | 6 | 4 | 4 | 47 | 20 | 59 | 37 | 72 | 168 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 74 | 0 | 74 |
| मुंबई मेट्रो | गोवा | कोंकणी | 0 | 1 | 2 | 1 | 10 | **14** | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| नई दिल्ली | दिल्ली | हिंदी | 25 | 12 | 45 | 16 | 71 | **169** | 2 | 2 | 2 | 1 | 16 | 7 | 4 | 23 | 0 | 27 | 4 | 5 | 0 | 3 | 12 | 5 | 0 | 5 |
| | उत्तराखंड | | 22 | 3 | 16 | 12 | 74 | **127** | 2 | 2 | 1 | 1 | 12 | 5 | 4 | 1 | 2 | 7 | 1 | 0 | 2 | 2 | 5 | 0 | 0 | 0 |
| गुवाहाटी | अरुणाचल प्रदेश | अंग्रेजी | 0 | 9 | 0 | 2 | 9 | **20** | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 3 | 0 | 3 | 2 | 3 | 3 | 1 | 9 | 35 | 1 | 36 |
| | असम | असमिया/ बांगला/बोडो | 10 | 17 | 39 | 14 | 65 | **145** | 2 | 2 | 1 | 1 | 14 | 6 | 0 | 31 | 0 | 31 | 9 | 9 | 9 | 7 | 34 | 163 | 7 | 170 |
| | मणिपुर | मणिपुरी/अंग्रेजी | 0 | 5 | 2 | 1 | 8 | **16** | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 3 | 0 | 4 | 1 | 1 | 2 | 1 | 5 | 17 | 0 | 17 |
| | मेघालय | अंग्रेजी/गारो/ खासी | 0 | 14 | 1 | 3 | 14 | **32** | 1 | 1 | 0 | 0 | 3 | 1 | 2 | 0 | 1 | 3 | 2 | 3 | 4 | 2 | 11 | 44 | 2 | 46 |
| | मिजोरम | मिजो | 0 | 5 | 0 | 1 | 7 | **13** | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 1 | 1 | 2 | 1 | 5 | 15 | 0 | 15 |
| | नागालैंड | अंग्रेजी | 0 | 9 | 0 | 2 | 11 | **22** | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 3 | 1 | 8 | 30 | 1 | 31 |
| | त्रिपुरा | बांगला/ कोकबोरोक | 3 | 6 | 0 | 2 | 11 | **22** | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 16 | 0 | 16 | 1 | 2 | 3 | 1 | 7 | 27 | 1 | 28 |
| पटना | बिहार | हिंदी/उर्दू | 41 | 2 | 70 | 26 | 121 | **260** | 3 | 3 | 3 | 2 | 26 | 11 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | झारखंड | हिंदी/संथाली | 15 | 33 | 15 | 13 | 54 | **130** | 2 | 2 | 1 | 1 | 13 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| तिरुवनंतपुरम | केरल | मलयालम | 24 | 2 | 66 | 24 | 131 | **247** | 3 | 3 | 2 | 2 | 24 | 11 | 2 | 0 | 6 | 8 | 2 | 1 | 1 | 1 | 5 | 2 | 10 | 12 |
| | लक्षद्वीप | | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | **3** | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| कुल | | | **788** | **450** | **1179** | **508** | **2255** | **5180** | **72** | **60** | **48** | **42** | **508** | **214** | **91** | **226** | **86** | **403** | **32** | **64** | **52** | **48** | **196** | **613** | **197** | **810** |

* स्थानीय भाषा की परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन के समय उम्मीदवार एक भाषा का विकल्प चुनें. **@ दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016** की धारा 34 के खंड (डी) और (ई) के तहत संदर्भित दिव्यांगता वाले व्यक्ति.

$ **महाराष्ट्र** (महाराष्ट्र मंडल / मुंबई मेट्रो मंडल), **उत्तर प्रदेश** (दिल्ली मंडल / लखनऊ मंडल) और **हरियाणा** (नई दिल्ली मंडल / चंडीगढ़ मंडल) राज्यों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को एसबीआई की आधिकारिक वेबसाइट **https://sbi.co.in** से उन परिचालन क्षेत्रों की जांच करनी चाहिए जिनके लिए वे आवेदन करना चाहते हैं. [होम पेज पर **> Branch Locator** (नीचे दाहिनी ओर ड्रॉप पिन आइकन) **>** सर्च ऑप्शन में **> Circle** सिलेक्ट करें **> Circle name** सिलेक्ट करें **> Captcha** दर्ज करें]

**संक्षिप्ताक्षर: अ.जा.** – अनुसूचित जाति, **अ.ज.जा.** – अनुसूचित जनजाति; **अ.पि.व.** – अन्य पिछड़ा वर्ग; **ईडब्ल्यूएस** – आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; **सामान्य** – सामान्य श्रेणी; **पीडब्ल्यूबीडी** – बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवार; **वीआई** – दृष्टि बाधित; **एचआई** – श्रवण बाधित; **एलडी** – लोकोमोटर दिव्यांगता; **डी एवं ई** – दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34 की श्रेणी (डी) एवं (ई); **एक्सएस** – भूतपूर्व सैनिक; **डीएक्सएस** – दिव्यांग भूतपूर्व सैनिक/भूतपूर्व सैनिक के आश्रित.

उपरोक्त रिक्त-पद अनंतिम हैं और बैंक की वास्तविक आवश्यकता के आधार पर उक्त रिक्त-पदों की संख्या में बदलाव किया जा सकता है. उम्मीदवार केवल एक राज्य/यूटी के रिक्त-पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं. **भर्ती किए जाने वाले कनिष्ठ सहयोगियों के अंतर मंडल स्थानांतरण/अंतर राज्य स्थानांतरण के लिए कोई प्रावधान नहीं है. हालाँकि, एक ही राज्य में स्थित दो मंडलों (सर्किलों) के बीच इंटर-सर्कल स्थानांतरण की अनुमति होगी, अर्थात केवल हरियाणा राज्य में दिल्ली मंडल और चंडीगढ़ मंडल, केवल उत्तर प्रदेश राज्य में दिल्ली मंडल और लखनऊ मंडल तथा केवल महाराष्ट्र राज्य में मुंबई मेट्रो मंडल और महाराष्ट्र मंडल, बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अधीन.** आवेदक की उसी राज्य/यूटी के रिक्त-पदों के लिए उम्मीदवारी पर विचार किया जाएगा जिसके लिए उसने आवेदन किया है/चुना है. उम्मीदवार किसी भी अधिसूचित केंद्र से परीक्षा में उपस्थित हो सकता/सकती है. हालांकि, उसे उस केंद्र (बैंक द्वारा तय किए गए) जिस राज्य के लिए उसने आवेदन किया है, में निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा की परीक्षा के लिए अपने स्वयं के खर्च पर उपस्थित होना होगा. मेरिट लिस्ट को राज्यवार, श्रेणीवार तैयार किया जाएगा और उम्मीदवारों को उनके चयन की स्थिति में उस राज्य में तैनात किया जाएगा, जिसके लिए वे आवेदन कर रहे हैं.

विभिन्न श्रेणियों के तहत आरक्षण प्रचलित सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार रहेंगे.

**क.** पीडब्ल्यूबीडी/एक्सएस/डीएक्सएस उम्मीदवारों के लिए आरक्षण समस्तरीय है तथा यह विभिन्न मूल श्रेणियों के रिक्त-पदों में नियमित रिक्त-पद तालिका में सम्मिलित है.

**ख.** एक्सएस के लिए निर्धारित 10% रिक्तियों के अलावा कुल रिक्तियों में से 4.5% दिव्यांग पूर्व सैनिकों और कार्रवाई के दौरान मारे गए सैनिकों के आश्रितों के लिए आरक्षित हैं (कुल 14.50%).

नियुक्ति के मामले में पहली प्राथमिकता दिव्यांग भूतपूर्व सैनिकों को और दूसरी प्राथमिकता कार्रवाई के दौरान मृत अथवा गंभीर रूप से दिव्यांग (रक्षा सेवाओं में हुई 50% से अधिक दिव्यांगता के साथ) रक्षाकर्मियों के आश्रितों को दी जाएगी.

**महत्वपूर्ण टिप्पणी :–**

i. ओबीसी श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्त–पद **''गैर–क्रीमी लेयर''** के **ओबीसी** उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध हैं. ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवार जो ''क्रीमी लेयर'' में आते हैं, ओबीसी श्रेणी के लिए उपलब्ध किसी छूट/आरक्षण के हकदार नहीं होंगे. उन्हें अपनी श्रेणी **सामान्य** अथवा सामान्य (एल.डी./वी.आई./एच.आई/डी और ई), जो भी लागू हो, दर्शानी होगी.

ii. ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों को **भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में** ओबीसी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें ''गैर–क्रीमी लेयर'' खंड हो और यह बैंक में नियुक्ति की स्थिति में 01.04.2025 से नियुक्ति की तिथि के बीच जारी किया गया हो.

iii. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ **वित्तीय वर्ष 2024-25** के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी 'आय और संपत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है जो मौजूदा डीओपीटी दिशानिर्देशों के अनुसार **वर्ष 2025-26 के लिए वैध** है.

iv. ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन की तारीख को मौजूदा डीओपीटी दिशानिर्देशों के अनुसार संबंधित वित्तीय वर्ष के लिए 'आय और संपत्ति प्रमाण पत्र' सत्यापन के लिए प्रस्तुत करना होगा. उक्त तारीख के बाद 'आय और संपत्ति प्रमाण पत्र' प्रस्तुत करने के लिए समय के विस्तार के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा और यदि कोई उम्मीदवार दस्तावेज़ सत्यापन की तारीख को 'आय और संपत्ति प्रमाण पत्र' प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो बैंक में कनिष्ठ सहयोगियों (ग्राहक सहायता और विक्रय) के पद के लिए नियुक्ति के लिए उस पर विचार नहीं किया जाएगा.

v. अजा/अजजा उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण–पत्र, दस्तावेज़ सत्यापन के दौरान जमा करना होगा.

vi. दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34, संदर्भित बेंचमार्क दिव्यांगजन (PwBD) के तहत आरक्षण का लाभ उठाने के इच्छुक व्यक्ति को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नवीनतम दिव्यांगता प्रमाण पत्र जमा करना होगा. ऐसा प्रमाणपत्र सत्यापन/पुनः सत्यापन, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जैसा भी तय किया जाए, के अधीन होगा. प्रमाणपत्र पर आवेदन के पंजीकरण की अंतिम तारीख या उससे पहले की तारीख होनी चाहिए.

vii. एसबीआई में लिपिक संवर्ग में कार्यरत उम्मीदवार इस परियोजना के तहत आवेदन करने के **पात्र नहीं** हैं. उम्मीदवार जो पहले भारतीय स्टेट बैंक में कार्यरत थे और लिपिक संवर्ग में रहते हुए बैंक से त्यागपत्र दे दिया है, वे भी पद के लिए आवेदन करने के **पात्र नहीं** होंगे.

viii. उम्मीदवार जिनके चरित्र और पूर्ववृत्त, नैतिकता आदि के बारे में प्रतिकूल रिपोर्ट हैं, वह भी इस पद के लिए आवेदन करने के लिए **पात्र नहीं** हैं.

ix. जिन उम्मीदवारों ने क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि सहित बैंकों या एनबीएफसी के साथ किसी भी उधार व्यवस्था के तहत चुकौती में चूक की है और बैंक द्वारा नियुक्ति प्रस्ताव पत्र जारी करने की तारीख तक उनके बकाया को नियमित/चुकाया नहीं है, वे पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे. हालांकि, ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने नियुक्ति प्रस्ताव–पत्र जारी होने की तारीख को या उससे पहले इस तरह के बकाया को नियमित कर लिया है/चुका दिया है, लेकिन जिनकी सिबिल (CIBIL) स्थिति को तब तक अपडेट नहीं किया गया है, उन्हें शामिल होने की तारीख को या उससे पहले या तो सिबिल की स्थिति को अपडेट कराना होगा या ऋणदाता से इस आशय का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा कि सिबिल में प्रतिकूल रूप से दर्शाए गए खातों के संबंध में कोई बकाया नहीं है, ऐसा न करने पर प्रस्ताव पत्र वापस ले लिया जाएगा/रद्द कर दिया जाएगा.

**1. पात्रता मानदण्डः**

**क. आयु सीमाः (01.04.2025 को)**

दिनांक 01.04.2025 को न्यूनतम आयु 20 वर्ष और अधिकतम 28 वर्ष अर्थात जिन उम्मीदवारों का जन्म 02.04.1997 और 01.04.2005 (दोनों दिन सम्मिलित) के बीच हुआ हो केवल वही आवेदन के लिए पात्र हैं.

**ऊपरी आयु सीमा में छूटः**

| क्र. | श्रेणी | आयु में छूट |
|---|---|---|
| 1. | अन्य पिछड़े वर्ग | 3 वर्ष |
| 2. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 5 वर्ष |
| 3. | पीडब्ल्यूबीडी (सामान्य/ईडब्ल्यूएस) | 10 वर्ष |
| 4. | पीडब्ल्यूबीडी (अन्य पिछड़े वर्ग) | 13 वर्ष |
| 5. | पीडब्ल्यूबीडी (अ.जा./अ.ज.जा.) | 15 वर्ष |
| 6. | भूतपूर्व सैनिक/शारीरिक रूप से दिव्यांग भूतपूर्व सैनिक | रक्षा सेवा की वास्तविक सेवा अवधि +3 वर्ष, (शारीरिक रूप से दिव्यांग अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के भूतपूर्व सैनिक के लिए 8 वर्ष हैं.) अधिकतम आयु 50 वर्ष. |
| 7. | विधवा, तलाकशुदा महिलाएं और अपने पतियों से कानूनी रूप से अलग हुई महिलाएं जिन्होंने पुनः विवाह नहीं किया है. | 7 वर्ष (अधिकतम आयु सीमा सामान्य वर्ग हेतु 35 वर्ष, अ.पि.व. के लिए 38 वर्ष और अ.जा./अ.ज.जा. उम्मीदवारों के लिए 40 वर्ष) |
| 8. | एसबीआई के प्रशिक्षित प्रशिक्षु | सामान्य/ईडब्ल्यूएस– 1 वर्ष, अ.पि.व.– 4 वर्ष, अ.जा./अ.ज.जा.– 6 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी (सामान्य/ईडब्ल्यूएस)– 11 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी (अ.पि.व.)– 14 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी (अ.जा./अ.ज.जा.)– 16 वर्ष, |

**नोटः**

i. संचयी आयु छूट उपरोक्त मदों के अंतर्गत या किसी अन्य मद के साथ संयुक्त रूप में उपलब्ध नहीं होगी.

ii. आयु सीमा में छूट चाहने वाले उम्मीदवारों को यदि वे इस योग्य पाए जाते हैं, तो जरूरी प्रमाणपत्र (पत्रों) की प्रतियां कार्य–ग्रहण करते समय प्रस्तुत करनी होगी. **ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण के पश्चात, किसी उम्मीदवार की श्रेणी में कोई परिवर्तन संभव नहीं है.** इस संबंध में किसी पत्र–व्यवहार/ई–मेल/फोन पर विचार नहीं किया जाएगा.

iii. **एसबीआई के प्रशिक्षित प्रशिक्षु:** एसबीआई के उन प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं को ऊपरी आयु सीमा में छूट लागू होगी, जिनकी नियुक्ति की प्रारंभ तिथि **01.01.2022** को या उसके बाद है और जिन्होंने पंजीकरण की अंतिम तिथि अर्थात **26.08.2025** को या उससे पहले एसबीआई में निर्दिष्ट शाखा में एक वर्ष का अनुभव सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, बशर्ते कि संपूर्ण प्रशिक्षण अवधि के दौरान उनका आचरण और कार्य–निष्पादन संतोषजनक पाया जाए. इसके अलावा, प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के सफल समापन का तात्पर्य कौशल मूल्यांकन परीक्षा (ट्रेड टेस्ट) उत्तीर्ण करना और एसबीआई–एनएसडीसी/ बीएफएसआई–एसएससी द्वारा संयुक्त रूप से जारी संयुक्त राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रमाणपत्र प्राप्त करना है.

**ख. आवश्यक शैक्षणिक योग्यताः (31.12.2025 को)**

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक उपाधि अथवा केंद्र सरकार द्वारा उसी के समान मान्यता प्राप्त कोई भी समकक्ष योग्यता. एकीकृत दोहरी उपाधि (आईडीडी) प्रमाणपत्र के धारक उम्मीदवार सुनिश्चित करें कि आईडीडी उत्तीर्ण होने की तारीख 31.12.2025 को या उससे पूर्व है.

जो उम्मीदवार अपनी स्नातक परीक्षा के अंतिम वर्ष/सेमेस्टर में हैं, वे भी अनंतिम रूप से इस शर्त के अध्यधीन आवेदन कर सकते हैं कि यदि अनंतिम रूप से चयनित हैं, तो उन्हें दिनांक 31.12.2025 को या उससे पूर्व स्नातक परीक्षा पास करने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा.

**नोटः** (क) परीक्षा पास करने की तारीख वही मानी जायेगी, जो विश्वविद्यालय/ संस्थान से जारी अंक तालिका या अनंतिम प्रमाणपत्र पर दी हुई है. यदि किसी विशेष परीक्षा का परिणाम विश्वविद्यालय/संस्थान के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र में वेबसाइट पर परिणाम घोषित करने की तिथि दर्शायी गई है, तो उसी तिथि को परीक्षा उत्तीर्ण करने की तिथि माना जाएगा.

(ख) भूतपूर्व सैनिक, जो एसएससी पास हैं और भारतीय सेना के विशेष शैक्षणिक प्रमाणपत्र या भारतीय नौसेना/वायुसेना का समकक्ष प्रमाणपत्र पाया है, और जिन्होंने संघ की भारतीय सेना में 15 वर्ष या अधिक की सेवा प्रदान की है, पात्र हैं, ऐसे प्रमाणपत्र दि. 31.12.2025 को या उसके पूर्व प्राप्त किए गए हों.

**2. बेंचमार्क दिव्यांगता वाले (पीडब्ल्यूबीडी) व्यक्तियों के लिए आरक्षणः**

दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम (आरपीडब्ल्यूडी), 2016 की धारा 34 के अनुसार निर्धारित दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को 4 प्रतिशत का समस्तरीय आरक्षण दिया गया है. आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 की अनुसूची में परिभाषित किए गए विकलांग व्यक्तियों के लिए उपयुक्त पोस्ट की पहचान की गई है:

| बेंचमार्क दिव्यांगता की उपयुक्त श्रेणी | कार्यात्मक आवश्यकता |
|---|---|
| क) दृष्टिहीन, दृष्टि बाधित<br>ख) बधिर, श्रवण बाधित<br>ग) एक भुजा, दोनों भुजा, एक टांग, दोनों टांगे, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग उपचारित, बौनापन, तेजाब हमले से पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, स्पाइनल विकृति (एसडी) और स्पाइनल इंजरी (एसआई) बिना किसी न्यूरोलॉजिकल/अंग संबंधी शिथिलता के.<br>घ) ऑटिसम स्पेक्ट्रम डिसार्डर (हल्का), बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट सीखने की दिव्यांगता, मानसिक बीमारी<br>ड.) उपरोक्त (क) से (घ) तक शामिल बहु दिव्यांगताएं | एस – बैठना<br>डब्ल्यू – चलना<br>एमएफ – उंगलियाँ से परिचालन<br>आरडब्ल्यू– पढ़ना व लिखना<br>एसई– देखना<br>एच– श्रवण<br>सी– संप्रेषण |

**क. दृष्टि बाधित (वीआई):** केवल वे ही दृष्टि बाधित (वीआई) व्यक्ति आवेदन करने के लिए पात्र हैं, जो बेहतर इलाज के बाद भी निम्नलिखित में से किसी एक स्थिति से ग्रस्त रहे हैं:

**अ. दृष्टिहीनताः**

i. पूर्णतः दृष्टिहीन होना या

ii. दृष्टि सुधार के बाद बेहतर आँख में 3/60 अथवा 10/200 (स्नेलेन) से अधिक वास्तविक दृष्टि न हो अथवा

iii. दृष्टि के क्षेत्र की सीमा विरुद्ध दिशा में 10 डिग्री के कोण बनाती हो या उससे भी कम. अथवा

**ब. मंद दृष्टिः**

i. दृष्टि सुधार के बाद बेहतर आँख में दृष्टि तीक्ष्णता 6/18 से अधिक न हो या 20/60 से 3/60 अथवा 10/200 (स्नेलेन) से कम न हो.

ii. दृष्टि के क्षेत्र की सीमा विरुद्ध दिशा में 40 से 10 डिग्री के कम के कोण बनाती हो.

**ख. श्रवण बाधित (एच.आई.):**

**क. बधिरः** वे व्यक्ति जिनके दोनों कानों की श्रवण क्षमता स्पीच फ्रीक्वेंसी में 70 डीबी से कम रह गई हो.

**ख. बहरापनः** वे व्यक्ति जिनके दोनों कानों की श्रवण क्षमता संबंधी स्पीच फ्रीक्वेंसी में 60 डीबी से 70 डीबी कम हो गई हो.

**ग. चलने की नि:शक्तता (एलडी)**: केवल वे व्यक्ति लोकोमोटर दिव्यांगता (एलडी) श्रेणी के तहत आवेदन करने के पात्र हैं जो प्रमस्तिष्क घात, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, पेशीय दुष्पोषण और तेजाब हमले से पीड़ित, रीढ़ की हड्डी में विकृति (एसडी) और रीढ़ की हड्डी में चोट (एसआई) बिना किसी संबंधित न्यूरोलॉजिकल/अंग की शिथिलता या तंत्रिका तंत्र या दोनों की पीड़ा के परिणामस्वरूप स्वयं के संचलन और वस्तुओं की गति से जुड़ी विशिष्ट गतिविधियों को निष्पादित करने में असमर्थ हैं. निम्नलिखित बेंचमार्क वाले दिव्यांग व्यक्ति लोकोमोटर दिव्यांगता में शामिल होते हैं:–

- **i. ओए** – एक हाथ प्रभावित (दाहिना या बायां)
- **ii. बीए** – दोनों हाथ प्रभावित
- **iii. ओएल** – एक पैर प्रभावित (दाहिना या बायां)
- **iv. बीएल** – दोनों पैर प्रभावित

ओए और बीए श्रेणी के व्यक्तियों के दूसरे अंग सामान्य रूप से कार्य करना चाहिए.

**क. 'कुष्ठ रोग से मुक्त हो चुके'** से आशय उस व्यक्ति से है, जिसका कुष्ठ रोग ठीक हो गया है, परंतु वह निम्नलिखित प्रभाव से जूझ रहा है :

- i. हाथों या पैरों में संवेदना की कमी के साथ–साथ आंखों और पलकों में संवेदना की कमी व पक्षाघात होना, परंतु कोई स्पष्ट विकृति न होना.
- ii. स्पष्ट विकृति और पक्षाघात होने पर भी जिसके हाथ और पैर सामान्य आर्थिक कार्यकलाप करने में सक्षम हों.
- iii. चरम शारीरिक विकृति के साथ–साथ उसका अधिक उम्र का होना, जो उसे कोई लाभप्रद व्यवसाय करने से रोकता हो, वहाँ, 'कुष्ठ रोग से ठीक हो गया है' भाव को उसी अनुसार समझा जाएगा.

**ख. 'सेरेब्रल पाल्सी'** का आशय उस गैर–विकसनशील न्यूरोलॉजीकल स्थिति से है जो शरीर और मांसपेशियों के समन्वय को प्रभावित करती है. इससे मस्तिष्क का कोई एक या अधिक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो जाता है. यह प्रायः जन्म से पूर्व, जन्म के दौरान या जन्म के तुरंत बाद होता है.

**ग. 'बौनेपन'** से आशय ऐसी चिकित्सकीय या जेनेटिक स्थिति से है, जिससे किसी व्यक्ति की लम्बाई 4 फुट 10 इंच (147 सेंटीमीटर) या उससे कम रह जाती है.

**घ. 'मांसपेशीय दुर्विकार'** से आशय ऐसे वांशिक जेनेटिक मांसपेशीय रोग समूह से है जो उन मांसपेशियों को कमजोर करता है, जिनसे मानव शरीर गतिशील होता है. बहु मांसपेशीय दुर्विकार से पीड़ित व्यक्ति के जीन में गलत और अधूरी जानकारी होती है, जिससे उनकी स्वस्थ मांसपेशियों के लिए आवश्यक प्रोटीन बननी बाधित हो जाती है. इसे विकसनशील स्केलेटल मांसपेशीय कमजोरी के रूप में माना जाता है, यह मांसपेशीय प्रोटीन को कुप्रभावित करती है, इससे मांसपेशीय सेल और टिश्युज मृत हो जाते हैं.

**ङ. 'एसिड अटैक पीड़ित'** से आशय ऐसे व्यक्ति से है, जो एसिड या इसी तरह के क्षयकारी तत्व फेंकने से कुरूप हो गए हो.

**घ. 'डी एवं ई'**: केवल वे व्यक्ति, जो निम्नलिखित में से किसी एक प्रकार की दिव्यांगता से ग्रस्त हैं, वे इस श्रेणी के तहत आवेदन करने के लिए पात्र हैं:

**क. ''विनिर्दिष्ट ज्ञानार्जन दिव्यांगता'' (एसएलडी)** से स्थितियों का एक ऐसा मिश्रित समूह अभिप्रेत है जिसमें भाषा को बोलने या लिखने में कठिनाई, जो समझने, बोलने, लिखने, अर्थ निकालने या गणितीय गणना करने में कमी के रूप में सामने आती है और इसके अंतर्गत बोधक दिव्यांगता डिस्लेक्सिया, डिसग्राफिया, डिसकैलकुलिया, डिसप्रक्सिया तथा विकासात्मक अफेसिया जैसी स्थितियां भी शामिल हैं.

**ख. ''मानसिक बीमारी'' (एमआई)** से चिंतन, मनोदशा, बोध, अभिसंस्करण या स्मरणशक्ति का अत्यधिक विकार अभिप्रेत है जो जीवन की साधारण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समग्र रूप से निर्णय, व्यवहार, वास्तविकता की पहचानने की क्षमता या योग्यता को प्रभावित करता है किंतु जिसके अंतर्गत मानसिक मंदता नहीं है जो किसी व्यक्ति के मस्तिष्क का विकास रुकने या अपूर्ण होने की स्थिति है विशेषकर जिसकी बुद्धिमता का सामान्य से कम होना है.

**ग. ''ऑटिजम स्पैक्ट्रम विकार (माइल्ड)''(एएसडी–एम)** से एक ऐसी न्यूरो–विकास संबंधित स्थिति अभिप्रेत है जो विशिष्टत: जीवन के पहले तीन वर्षों में उत्पन्न होती है जो व्यक्ति को संपर्क करने की, संबंधों को समझने की और दूसरों से संबंधित होने की क्षमता को प्रभावित करती है और आम तौर पर यह असामान्य या एक जैसे कार्य या व्यवहार से सहबद्ध होता है.

**घ. ''बहु दिव्यांगता''** का अर्थ उपरोक्त (क) से (घ) तक शामिल कई दिव्यांगताएं हैं.

**नोट:** केवल **बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति** ही आरक्षण के लिए पात्र हैं और उनकी निर्दिष्ट नि:शक्तता को यदि मापन योग्य शर्तों में परिभाषित नहीं किया गया है, तो वह 40% से कम नहीं होनी चाहिए और यदि निर्दिष्ट नि:शक्तता को मापन योग्य शर्तों में परिभाषित किया गया है, तो ऐसी नि:शक्तता वाले व्यक्ति, जिसे प्रमाणकर्ता प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित किया गया है, इसमें शामिल होंगे.

आरक्षण का लाभ उठाने के इच्छुक व्यक्ति को चिकित्सा प्राधिकारी या किसी अन्य अधिसूचित सक्षम प्राधिकारी (प्रमाणकर्त्ता प्राधिकारी) द्वारा निर्धारित प्रारूप पर जारी नवीनतम दिव्यांगता प्रमाण पत्र जमा करना होगा. प्रमाणपत्र आवेदन के पंजीकरण की अंतिम तिथि या उससे पहले का होना चाहिए.

**लेखक (स्क्राइब) का उपयोग और प्रतिपूरक समयः**

i. लेखक (स्क्राइब) की सुविधा ऐसे व्यक्ति को दी जाएगी, जिसके पास **40 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता है,** और उस व्यक्ति द्वारा यह सुविधा वांछित है और यह केवल उन्हीं व्यक्तियों के लिए है, जो शारीरिक नि:शक्तता के कारण स्पीड के साथ नहीं लिख सकते हैं. ऐसे सभी मामलों में लेखक (स्क्राइब) का उपयोग करने के लिए निम्नलिखित नियम लागू होंगे:

**क.** उम्मीदवार जो इस परीक्षा में लेखक (स्क्राइब) की सेवाओं का उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें ऑनलाइन आवेदन फार्म में इसका सावधानीपूर्वक उल्लेख करना चाहिए.

**ख.** उम्मीदवार और लेखक (स्क्राइब) दोनों को ऑनलाइन परीक्षा के समय लेखक (स्क्राइब) के पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ एक उपयुक्त वचनपत्र देनी होगी.

**ग.** ऐसे उम्मीदवार जो एक लेखक (स्क्राइब) के उपयोग के लिए पात्र हैं, परीक्षा के प्रति घंटे 20 मिनट के प्रतिपूरक समय के लिए पात्र होंगे, चाहे वे लेखक (स्क्राइब) की सुविधा का लाभ उठा रहे हों, या नहीं.

**घ.** उम्मीदवार को लेखक (स्क्राइब) की व्यवस्था स्वयं और अपने खर्च पर करनी होगी.

**ङ.** उपर्युक्त उल्लिखित दिशा–निर्देशों के अनुसार, यदि कोई उम्मीदवार लेखक (स्क्राइब) का उपयोग करने के लिए पात्र नहीं हैं, और ऑनलाइन परीक्षा में लेखक (स्क्राइब) का उपयोग करता है, वह भर्ती प्रक्रिया में आगे भाग लेने के लिए अयोग्य ठहराया जायेगा.

**च.** कोई भी उम्मीदवार जो लेखक (स्क्राइब) का उपयोग कर रहा है, उसे सुनिश्चित करना चाहिए कि वह ऊपर दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार परीक्षा में लेखक (स्क्राइब) का उपयोग करने के लिए योग्य है.

**छ.** उपरोक्त दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने वाले कोई भी उम्मीदवार अगर लेखक (स्क्राइब) का उपयोग कर रहा है, तो उस उम्मीदवार को अयोग्य घोषित किया जायेगा और यदि उसने बैंक में योगदान दिया है, तो उसे बिना सूचना के सेवा से हटाया जा सकता है.

**ज. परीक्षा के दौरान, किसी भी स्तर पर, यदि यह पाया जाता है कि स्क्राइब स्वतंत्र रूप से प्रश्नों का उत्तर/हल स्वयं कर रहा है, तो ऐसे उम्मीदवार के लिए परीक्षा सत्र समाप्त कर दिया जाएगा, और उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. स्क्राइब की सेवाओं का उपयोग करने वाले ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी भी रद्द कर दी जाएगी यदि परीक्षा प्रशासक कार्मिकों द्वारा परीक्षा के बाद यह रिपोर्ट दी जाती है कि स्क्राइब ने स्वतंत्र रूप से प्रश्नों का उत्तर दिया है.**

**झ.** लेखक (Scribe) का उपयोग करने की अनुमति भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकार मंत्रालय, दिव्यांग मामले विभाग, नई दिल्ली के कार्यालय ज्ञापन एफ नं.16-110/2003-DDIII दिनांक 26 फरवरी, 2013 के अनुसार जारी दिशा–निर्देशों और भारत सरकार, वित्त मत्रालय वित्तीय सेवाएं विभाग, के पत्र क्र. एफ नं. 3/2/2013–वेल्फेयर दिनांक 26.04.2013 के द्वारा जारी स्पष्टीकरण के अनुसार दी जाएगी.

ii. इसके अलावा, भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के कार्यालय ज्ञापन एफ नं.29-6/2019-DD-III दिनांक 10/08/2022 के अनुसार, स्क्राइब और/या प्रतिपूरक समय की सुविधा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 2(एस) के तहत आने वाले लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2(आर) की परिभाषा के तहत कवर नहीं किए गए दिव्यांग व्यक्तियों को प्रदान की जाएगी. **(40% से कम दिव्यांगता रखने वाले और लिखने में कठिनाई वाले)**, जिन्हें लिखने में कठिनाई हो रही है, उन्हें इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि संबंधित व्यक्ति को लिखने में कठिनाई है और उक्त कार्यालय ज्ञापन के परिशिष्ट–I में निर्धारित प्रोफार्मा के अनुसार किसी सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्थान के प्राधिकारी से परीक्षा लिखने के लिए स्क्राइब आवश्यक है. यदि उम्मीदवार अपना स्वयं का स्क्राइब लाने का विकल्प चुनता है, तो स्क्राइब की योग्यता परीक्षा देने वाले उम्मीदवार की योग्यता से एक स्तर कम होना चाहिए. स्वयं के स्क्राइब का विकल्प चुनने वाले उम्मीदवार को उक्त कार्यालय ज्ञापन के परिशिष्ट–II में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार स्वयं के स्क्राइब का विवरण प्रस्तुत करना चाहिए.

**3. भूतपूर्व सैनिक (एक्सएस):**

केवल उन्हीं उम्मीदवारों को भूतपूर्व सैनिक माना जाएगा जो भारत सरकार, गृह मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग की अधिसूचना सं. 36034/5/85/ ईएसटीटी (एससीटी) दिनांक 27 अक्तूबर 1986 के अनुसार निर्धारित और समय–समय पर संशोधित की गई परिभाषा को पूरा करते हों.

शारीरिक रूप से दिव्यांग भूतपूर्व सैनिक (डीएक्सएस): पूर्व सैनिक जो संघ के सशस्त्र बलों में सेवा करते समय दुश्मन के खिलाफ या अशांत क्षेत्रों में ऑपरेशन के दौरान दिव्यांग हो गए थे, उन्हें दिव्यांग पूर्व सैनिक माना जाएगा.

शहीद सैनिकों के आश्रितः निम्नलिखित सैन्य कार्रवाई में शहीद सैनिकों को सैन्य सेवा संबंधी सैन्य कार्रवाई में शहीद माना जाएगा; **(क)** युद्ध, **(ख)** युद्ध जैसी सैन्य कार्रवाई या सीमा पर होने वाली मुठभेड़ चाहे पाकिस्तान से युद्ध विराम रेखा पर या किसी अन्य देश से, **(ग)** सशस्त्र शत्रुओं की घुसपैठ के खिलाफ लड़ाई जैसे नागालैंड, मिजोरम आदि में, **(घ)** विदेशों में शांति सेना अभियान के दौरान, **(ङ)** सुरंगे बिछाने या हटाने, जिसमें शत्रुओं की सुरंगे भी शामिल है. साथ ही सैन्य कार्रवाई होने के एक माह पहले से पूर्व व तीन माह बाद तक की अवधि के बीच सुरंग सफाई अभियान भी, **(च)** वास्तविक सैन्य कार्रवाई के दौरान या सरकार द्वारा निर्धारित अवधि के दौरान हिमाघात, **(छ)** आंदोलनरत क्षेत्र में शहीद हुए अर्ध–सैनिक बलों के कार्मिक और **(ज)** श्रीलंका में सैन्य कार्रवाई के दौरान शहीद आईपीकेएफ कार्मिक, ऐसे उम्मीदवारों को आरक्षण, उपलब्ध रिक्त–पदों वाली सारणी के नीचे मद संख्या (ख) में यथा उल्लिखित रूप में दिया जाएगा.

इस आरक्षण के प्रयोजन के लिए परिवार के सदस्य में, उनकी विधवा, बेटा और बेटी या नजदीकी संबंधी जो उसके परिवार का भरण–पोषण करने के लिए सहमत हैं, शामिल होंगे. भूतपूर्व सैनिकों के लिए उपलब्ध ऊपरी आयु सीमा और शैक्षणिक अर्हताओं में छूट, युद्ध में मारे गए सैनिकों के आश्रितों के लिए उपलब्ध नहीं होगी.

**नोटः**

**क. i.** सशस्त्र बलों से कार्यमुक्त/सेवानिवृत्त हुए उम्मीदवारों को, इस विज्ञापन में संलग्न **प्रारूप 'ए'** के अनुसार प्रमाण–पत्र जमा कराना होगा.

**ii.** जो उम्मीदवार अभी भी सशस्त्र बलों में कार्यरत हैं, और भूतपूर्व–सैनिक श्रेणी में आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें घोषणा **(प्रारूप 'सी')** के साथ अपने स्पेसिफिक पीरियड ऑफ एंगेजमेंट (एसपीई) पूरा होने की तिथि दर्शाते हुए सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त प्रमाण–पत्र **(प्रारूप 'बी')** जमा कराना होगा. इस भर्ती में आवेदन करने के लिए सिर्फ वही उम्मीदवार पात्र हैं जिनका एसपीई 31.08.2026 को या उससे पहले पूरा होता है. बैंक में कार्यग्रहण करते समय उन्हें कार्यमुक्ति संबंधी पत्र और इस बात की स्व–घोषणा देनी होगी कि, भारत सरकार के नियमों के अनुसार भूतपूर्व–सैनिकों को मान्य लाभ पाने का वह पात्र है.

**iii.** जो उम्मीदवार अपने कार्य संविदा की आरंभिक अवधि पूरी कर चुके हैं और विस्तारित असाइन्मेंट पर हैं, उन्हें **प्रारूप 'डी'** के अनुसार प्रमाण–पत्र जमा कराना होगा. चयन होने पर उपरोक्त (ii) और (iii) में वर्णित उम्मीदवारों को 31.10.2026 से पूर्व कार्यमुक्त होकर उन्हें बैंक में कार्यभार ग्रहण करना होगा. यह प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से ज्वाइनिंग के समय जमा कराने होंगे.

**ख.** प्रादेशिक सैन्य कार्मिकों को 15.11.1986 से भूतपूर्व सैनिक माना जाएगा.

**ग.** भूतपूर्व सैनिक जो एक बार अपनी पुनर्नियुक्ति के लिए भूतपूर्व सैनिक के रूप में दिए गए लाभों का लाभ उठाने के बाद सिविल क्षेत्र में सरकारी नौकरी में शामिल हो गया है, उसकी पूर्व भूतपूर्व सैनिक की स्थिति भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन सं. 36034/1/2014-स्थापना (आरक्षण) दिनांक 14.08.2014 के अनुसार नियंत्रित की जाएगी.

**4. चयन प्रक्रियाः** चयन प्रक्रिया में ऑनलाइन परीक्षा होगी (प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा) और निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा की परीक्षा.

**चरण–I: प्रारंभिक परीक्षाः** 100 अंकों के लिए वस्तुनिष्ठ प्रारंभिक परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की जाएगी. यह परीक्षा 1 घंटे की रहेगी और उसमें निम्नानुसार 3 खंड रहेंगेः

| क्र. | परीक्षा का नाम | परीक्षा का माध्यम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी भाषा | अंग्रेजी | 30 | 30 | 20 मिनट |
| 2. | संख्यात्मक क्षमता | * | 35 | 35 | 20 मिनट |
| 3. | तर्कज्ञान क्षमता | * | 35 | 35 | 20 मिनट |
| | **कुल** | * | **100** | **100** | **1 घंटा** |

प्रत्येक परीक्षा का एक अलग समय होगा जैसा ऊपर उल्लिखित है. वस्तुनिष्ठ परीक्षा में गलत उत्तरों के लिए अंक काटे जाएंगे. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंक का 1/4 काटा जायेगा. परीक्षा के हर खंड के लिए या कुल अंक के लिए कोई न्यूनतम अर्हता अंक निर्धारित नहीं किया गया है. खंड–वार अंक नहीं रखे जाएंगे.

मुख्य परीक्षा के लिए बैंक द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार प्रत्येक श्रेणी से पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार (लगभग 10 गुणा रिक्त–पदों की संख्या, उपलब्धता के आधार पर) बुलाये जायेंगे. मुख्य परीक्षा के लिए सभी उम्मीदवारों को उनके समग्र अंकों के आधार पर सूचीबद्ध किया जाएगा, जो कुल अंक के अवरोही क्रम में तैयार की जाएगी.

**चरण – II: मुख्य परीक्षाः** ऑनलाइन मुख्य परीक्षा की संरचना निम्नवत होगी.

| क्र. | परीक्षा का नाम | परीक्षा का माध्यम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य/वित्तीय जानकारी | * | 50 | 50 | 35 मिनट |
| 2. | सामान्य अंग्रेजी | अंग्रेजी | 40 | 40 | 35 मिनट |
| 3. | परिमाणात्मक क्षमता | * | 50 | 50 | 45 मिनट |
| 4. | तर्कबुद्धि एवं कंप्यूटर क्षमता | * | 50 | 60 | 45 मिनट |
| | **कुल** | | **190** | **200** | **2 घंटे 40 मि.** |

प्रत्येक परीक्षा के लिए ऊपर उल्लेख किए गए अनुसार अलग–अलग समय रहेगा.

वस्तुनिष्ठ परीक्षा में गलत उत्तरों के लिए अंक काटे जाएंगे. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंक का 1/4 काटा जायेगा.

उम्मीदवारों को कुल अंकों के न्यूनतम प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक हैं (एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी/एक्सएस/डीएक्सएस उम्मीदवारों के लिए, उसमें 5% छूट उपलब्ध है). कुल अंकों का न्यूनतम प्रतिशत अंक बैंक द्वारा तय किया जाएगा. प्रत्येक विषय के लिए न्यूनतम पात्रता अंक निर्धारित नहीं किए गए हैं.

**चरण–III: स्थानीय भाषा प्रवीणता परीक्षा:** अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवार जिन्होंने (कक्षा 10वीं या 12वीं में) आवेदित राज्य की किसी भी निर्दिष्ट स्थानीय भाषा का अध्ययन नहीं किया है, उन्हें स्थानीय भाषा प्रवीणता परीक्षा (LLPT) में शामिल होना होगा. परीक्षा का पैटर्न इस प्रकार होगा:

| क्र. | परीक्षा पैटर्न | सेक्शन | अनुच्छेदों की संख्या | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अमौखिक परीक्षा | वस्तुनिष्ठ | 3 | 15 | 15 |
| | | व्यक्तिनिष्ठ | 3 | 15 | 15 |
| 2. | मौखिक परीक्षा | | | | 20 |

उम्मीदवारों को व्यक्तिपरक परीक्षा में बैंक द्वारा निर्धारित न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने होंगे (एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी/एक्सएस/डीएक्सएस उम्मीदवारों के लिए, इसमें 5% की छूट उपलब्ध है).

एसबीआई के प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं को अधिकतम अंकों का 2.5% (यानी 200 अंकों में से 5 अंक) बोनस अंकों के रूप में देकर मुख्य परीक्षा में वेटेज (भार) दिया जाता है. अंतिम कुल अंक तक पहुंचने के लिए बोनस अंक उम्मीदवार के कुल अंकों में जोड़े जाएंगे. ये बोनस अंक केवल तभी दिए जाएंगे जब कोई प्रशिक्षु, जिसकी नियुक्ति की प्रारंभ तिथि 01.01.2022 को या उसके बाद हो और उसने पंजीकरण की अंतिम तिथि अर्थात 26.08.2025 को या उससे पहले एसबीआई में निर्दिष्ट शाखा में एक वर्ष का अनुभव सफलतापूर्वक पूरा कर लिया हो, बशर्ते कि संपूर्ण प्रशिक्षण अवधि के दौरान उनका आचरण और कार्य–निष्पादन संतोषजनक पाया जाए. इसके अलावा, प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के सफल समापन का तात्पर्य कौशल मूल्यांकन परीक्षा (ट्रेड टेस्ट) उत्तीर्ण करना और एसबीआई–एनएसडीसी/बीएफएसआई–एसएससी द्वारा संयुक्त रूप से जारी संयुक्त राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रमाणपत्र प्राप्त करना है.

मेरिट लिस्ट को राज्यवार, श्रेणीवार तैयार किया जाएगा. परीक्षा में पात्र उम्मीदवार को (मुख्य परीक्षा) संबंधित राज्यों और श्रेणियों में अवरोही क्रम में अपने कुल अंकों के अनुसार रखा जाएगा.

**नोटः** परीक्षा के संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी ''एक्वेंट योरसेल्फ'' ("Acquaint Yourself") पुस्तिका में दी जाएगी, जो पात्र उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए कॉल लेटर के साथ उपलब्ध कराई जाएगी.

***आवेदित राज्य के अनुसार परीक्षा के माध्यम की सूची:**

| क्र. | राज्य/यूटी | परीक्षा का माध्यम |
|---|---|---|
| 1. | अंडमान व निकोबार | अंग्रेजी, हिंदी |
| 2. | आंध्र प्रदेश | अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगू, उर्दू |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | अंग्रेजी, हिंदी |
| 4. | असम | अंग्रेजी, हिंदी, आसामी, बांगला |
| 5. | बिहार | अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू |
| 6. | छत्तीसगढ़ | अंग्रेजी, हिंदी |
| 7. | दिल्ली | अंग्रेजी, हिंदी |
| 8. | गोवा | अंग्रेजी, हिंदी, कोंकणी |
| 9. | गुजरात | अंग्रेजी, हिंदी, गुजराती |
| 10. | हरियाणा | अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी |
| 11. | हिमाचल प्रदेश | अंग्रेजी, हिंदी |
| 12. | जम्मू एवं कश्मीर | अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू |
| 13. | झारखंड | अंग्रेजी, हिंदी |
| 14. | कर्नाटक | अंग्रेजी, हिंदी, कन्नडा |
| 15. | केरल | अंग्रेजी, हिंदी, मलयालम |
| 16. | लद्दाख | अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू |
| 17. | लक्षद्वीप | अंग्रेजी, हिंदी, मलयालम |
| 18. | मध्य प्रदेश | अंग्रेजी, हिंदी |
| 19. | महाराष्ट्र | अंग्रेजी, हिंदी, मराठी |
| 20. | मणिपुर | अंग्रेजी, हिंदी, मणिपुरी |
| 21. | मेघालय | अंग्रेजी, हिंदी |
| 22. | मिजोरम | अंग्रेजी, हिंदी |
| 23. | नागालैंड | अंग्रेजी, हिंदी |
| 24. | ओड़िशा | अंग्रेजी, हिंदी, ओडिया |
| 25. | पंजाब | अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी |
| 26. | राजस्थान | अंग्रेजी, हिंदी |
| 27. | सिक्किम | अंग्रेजी, हिंदी |
| 28. | तमिलनाडु | अंग्रेजी, हिंदी, तमिल |
| 29. | तेलंगाना | अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगू, उर्दू |
| 30. | त्रिपुरा | अंग्रेजी, हिंदी, बांगला |
| 31. | उत्तर प्रदेश | अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू |
| 32. | उत्तराखंड | अंग्रेजी, हिंदी |
| 33. | पश्चिम बंगाल | अंग्रेजी, हिंदी, बांगला |

**निर्दिष्ट चुनी गयी स्थानीय भाषा की परीक्षा:**

जो उम्मीदवार चयन के लिए पात्र होते हैं और 10वीं या 12वीं की अंक तालिका/प्रमाणपत्र प्रस्तुत करते हैं, जिसमें स्पष्ट रूप से चयनित स्थानीय भाषा के अध्ययन का प्रमाण उपलब्ध हो, उन्हें भाषा की कोई परीक्षा नहीं देनी होगी. अन्य के मामले में (चयन के लिए पात्रता प्राप्त), अस्थायी चयन के बाद निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा परीक्षा का आयोजन किया जाएगा जो बैंक की सेवा में आने से पहले होगी. इस परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने में विफल रहने वाले उम्मीदवारों को नियुक्ति की पेशकश नहीं की जाएगी. निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा में प्रवीण नहीं पाए जाने वाले उम्मीदवार को अयोग्य माना जाएगा.

**अनंतिम चयन** (निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा की पात्रता के अध्यधीन)

प्रारंभिक परीक्षा (चरण–I) में प्राप्त अंकों को चयन के लिए नहीं जोड़ा जाएगा और अंतिम मेरिट सूची तैयार करने के लिए केवल मुख्य परीक्षा (चरण–II) में प्राप्त कुल अंक माना जाएगा. अस्थायी चयन मुख्य परीक्षा में उम्मीदवार के अंकों के आधार पर किया जाएगा.

**अंतिम चयन** निम्नलिखित के अधीन होगा:–

i. पद के लिए पात्रता और ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत की गई सूचना का सत्यापन.

ii. निर्दिष्ट स्थानीय भाषा की परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर, जहाँ लागू हो, जैसा ऊपर वर्णित है.

अस्थायी रूप से पात्र उम्मीदवारों के परिणाम बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध कराएं जाएंगे.

**प्रतीक्षा सूची:** रिक्त–पदों के 50% तक एक प्रतीक्षा सूची (राज्य–श्रेणी वार) बनाकर रखी जाएगी. केवल इस बैच के किसी चयनित उम्मीदवार के कार्य–ग्रहण न करने और त्यागपत्र देने पर इस प्रतीक्षा सूची से तिमाही आधार पर प्रतीक्षा सूची में रखे गए उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे परंतु यह नियुक्ति–पत्र केवल उन्हीं उम्मीदवारों को जारी किए जाएंगे जिन्होंने चयन के लिए बैंक द्वारा निर्धारित न्यूनतम पात्रता अंक प्राप्त किए हैं. यह प्रतीक्षा सूची अंतिम परिणाम घोषित करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए वैध रहेगी.

5. **प्रारंभिक परीक्षा सितंबर 2025 में अस्थायी रूप से निर्धारित की गई है:** परीक्षा केंद्रों की अस्थायी सूची अनुलग्नक–I में उपलब्ध कराई गई है.

- उम्मीदवार को उस केंद्र का नाम चुनना चाहिए जहाँ वह परीक्षा देना चाहता/चाहती है. हालांकि, एसबीआई, किसी भी परीक्षा केन्द्र को रद्द करने और/या कुछ अन्य केंद्रों को, अपने विवेकाधिकार पर, उम्मीदवारों की संख्या, प्रशासनिक व्यवहार्यता आदि के आधार पर जोड़ने का अधिकार सुरक्षित रखता है. एसबीआई के पास उम्मीदवार द्वारा चुने गए केंद्र के अलावा अन्य किसी केंद्र को आवंटित करने का अधिकार भी सुरक्षित है.
- **परीक्षा केंद्र/तारीख/सत्र में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.**
- उम्मीदवार अपने स्वयं के जोखिम और व्ययों पर आबंटित केंद्र में परीक्षा के लिए उपस्थित होंगे और एसबीआई किसी भी प्रकार की चोट या हानि आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.
- परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के अनियंत्रित व्यवहार/दुर्व्यवहार से एसबीआई द्वारा भविष्य में आयोजित होने वाली परीक्षा से उम्मीदवारी को अयोग्य ठहराया जा सकता है.
- **प्रारंभिक परीक्षा के लिए कॉल लेटर: प्रारंभिक परीक्षा का कॉल लेटर परीक्षा स्थल पर एकत्र नहीं किया जाएगा. हालांकि, इसे परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों द्वारा विधिवत प्रमाणित/मुहर लगाई जाएगी. उम्मीदवार को कॉल लेटर (पहचान प्रमाण की प्रमाणित/मुहर लगी कॉपी के साथ) को सुरक्षित रखने की जरूरत होगी. जिन उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा के लिए बुलाया जाता है, उन्हें ''एक्वेंट योरसेल्फ पुस्तिका'' ("acquaint yourself booklet") और कॉल लेटर में दी गई जानकारी के अनुसार मुख्य परीक्षा कॉल लेटर और अन्य आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ यह कॉल लेटर लाना अनिवार्य होगा.**

  हालांकि, प्रारंभिक परीक्षा के दौरान स्क्राइब फॉर्म (जहां भी लागू होगा) एकत्र किया जाएगा.

  **उम्मीदवारों को ''एक्वेंट योरसेल्फ पुस्तिका'' ("acquaint yourself booklet") और कॉल लेटर में दी गई जानकारी के अनुसार कॉल लेटर और अन्य आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ दो अतिरिक्त फोटो (कॉल लेटर पर उम्मीदवार द्वारा चिपकाए गए फोटो के समान) लाने की आवश्यकता है.**

  **कॉल लेटर पर बिना फोटो को चिपकाये या (कॉल लेटर में चिपकाए गए फोटो के समान) दो अतिरिक्त फोटो के बिना रिपोर्टिंग करनेवाले उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.**

  (यह सलाह दी जाती है कि उम्मीदवार उसी फोटो की लगभग 8 प्रतियां रखें जो आवेदन के समय अपलोड किया जाता है क्योंकि चयन प्रक्रिया के आगे के चरणों के लिए इनकी आवश्यकता होगी.)

6. **वेतन मान:** ₹24050-1340/3-28070-1650/3-33020-2000/4-41020-2340/7-57400-4400/1-61800-2680/1-64480.

   प्रारंभिक मूल वेतनमान ₹26730/- होगा (₹24050/- **तथा दो अग्रिम वेतनवृध्दि के साथ जो कि स्नातकों के लिए देय है.)**

7. **परिलब्धियाँ:** मुंबई जैसे महानगर में लिपिक संवर्ग कर्मचारी को कुल शुरुआती परिलब्धियां डीए, मौजूदा दर पर अन्य भत्तों के साथ और **दो अतिरिक्त वेतनवृध्दि नवनियुक्त स्नातक कनिष्ठ सहयोगियों के लिए** प्रति माह लगभग ₹46,000/- देय होगी.

   भत्ते तैनाती की जगह के आधार पर भिन्न हो सकते हैं. **वे समय–समय पर जारी किए जा सकने वाले बैंक के निर्देशों के अनुसार, विभिन्न परिलब्धियों की प्रतिपूर्ति, भविष्य निधि, नई पेंशन योजना के तहत पेंशन (नियत अंशदान लाभ) चिकित्सा, अवकाश किराया व अन्य सुविधाओं के लिए पात्र होंगे.**

8. **प्रोबेशन अवधि:** चुने गए उम्मीदवारों पर कार्यग्रहण के समय लागू बैंक के सेवा नियमों की निबंधन एवं शर्तें लागू होंगी. नव–नियुक्त कनिष्ठ सहयोगी न्यूनतम 6 महीने की प्रोबेशन अवधि पर रहेंगे. नये भर्ती किए गए कनिष्ठ सहयोगीयों को बैंक सेवा में कनफर्म होने के लिए प्रोबेशन अवधि के दौरान बैंक द्वारा निर्धारित ई–लेसन को पूरा करना है. ऐसा न कर पाने पर उनका प्रोबेशन तब–तक के लिए आगे बढ़ा दिया जाएगा जब–तक कि ई–लेसन उनके द्वारा पूरा नहीं कर लिया जाता. इसके अतिरिक्त, प्रोबेशन अवधि के समापन के पूर्व, नव–नियुक्त कर्मचारियों के निष्पादन का मूल्यांकन किया जाएगा और बैंक की अपेक्षा पूर्ति करने में असफल रहने वालों की प्रोबेशन अवधि बढ़ायी जा सकती है.

9. **परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण:** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अ.जा./अ.ज.जा./ओबीसी/भूतपूर्व सैनिक/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार विभिन्न केंद्रों पर परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा सकती है. परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा. सभी पात्र उम्मीदवार जो परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण का विकल्प चुनते हैं और उसका लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें ऑनलाइन आवेदन में संबंधित कॉलम भरना चाहिए. परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण का विकल्प चुनने वाले उम्मीदवारों को अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्मतिथि दर्ज करके बैंक की वेबसाइट पर प्रशिक्षण के लिए लॉग इन करना चाहिए. परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण के कार्यक्रम के बारे में सूचना उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत ईमेल और एसएमएस के माध्यम से साझा की जाएगी. कोई भी हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी.

10. **परीक्षा के लिए कॉल लेटर्स:**

   **क. प्रारंभिक परीक्षा:** उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट से अपना पंजीकरण संख्या और पासवर्ड/जन्म तिथि दर्ज करके परीक्षा तिथि से 10 दिन पहले अपना कॉल लेटर और ''एक्वेंट योरसेल्फ पुस्तिका'' ("acquaint yourself booklet") डाउनलोड करना होगा.

   **ख. मुख्य परीक्षा:** मुख्य परीक्षा के लिए पात्र उम्मीदवार, बैंक की वेबसाइट से (स्क्रीन पर उपलब्ध निर्देशों का पालन करके) परीक्षा तिथि से 10 दिन पहले अपना कॉल लेटर डाउनलोड कर सकेंगे.

   **ग. मुख्य परीक्षा के समय:** उम्मीदवारों को विधिवत प्रमाणित प्रारंभिक परीक्षा कॉल लेटर (आईडी प्रूफ की प्रमाणित प्रति के साथ) के साथ–साथ मुख्य परीक्षा के समय मुख्य परीक्षा कॉल लेटर भी लाना होगा. अन्य आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ–साथ इन दस्तावेज़ों को मुख्य परीक्षा के दौरान प्रस्तुत करने की आवश्यकता है.

   **घ.** उम्मीदवारों को स्वयं को ''एक्वेंट योरसेल्फ पुस्तिका'' ("acquaint yourself booklet") और कॉल लेटर में दी गई जानकारी के अनुसार कॉल लेटर और अन्य आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ दो अतिरिक्त फोटो (कॉल लेटर पर उम्मीदवार द्वारा चिपकाए गए समान) लाने की आवश्यकता है.

   **कॉल लेटर पर फोटो चिपकाए बिना या दो अतिरिक्त फोटो (कॉल लेटर में चिपकाए गए फोटो के समान) के बिना रिपोर्टिंग करने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.**

   **कॉल लेटर (प्रारंभिक/मुख्य)/''एक्वेंट योरसेल्फ पुस्तिका'' ("acquaint yourself booklet") की कोई भी हार्ड कॉपी डाक द्वारा नहीं भेजी जाएगी.**

11. **परीक्षा (प्रारंभिक/मुख्य) के समय प्रस्तुत की जाने वाली पहचान प्रमाण:** उम्मीदवार एक पहचान–पत्र जैसे कि पासपोर्ट/आधार/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेन्स/मतदाता पत्र/विधिवत सत्यापित फोटो के साथ बैंक पासबुक/पहचान–पत्र जो स्कूल या कॉलेज/राजपत्रित अधिकारी द्वारा मूल लेटरहेड पर दिया है और उसकी स्व–सत्यापित फोटो कॉपी प्रस्तुत करनी चाहिए. पहचान प्रमाण की फोटो कॉपी कॉल लेटर के साथ परीक्षा हॉल में पर्यवेक्षक को देनी होगी, ऐसा न करने पर या उम्मीदवार की पहचान पर संदेह होने पर उस उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

12. **बायोमेट्रिक सत्यापन:** बैंक विभिन्न चरणों में उम्मीदवारों के अंगूठे या **आइरिस** की निशानी उम्मीदवारों की वास्तविकता के बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए डिजिटल प्रारूप में प्राप्त कर सकता है. उम्मीदवार यह सुनिश्चित करेंगे कि अंगूठे या **आइरिस** की सही निशानी विभिन्न चरणों में ली गई है और किसी भी असंगति से उम्मीदवारी को अस्वीकार कर दिया जाएगा. यदि कोई उम्मीदवार वास्तविक नहीं पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के अलावा, उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. इस प्रकार उन्हें सूचित किया जाता है कि अपने हाथों पर मेहंदी, स्याही, रासायनिक आदि जैसे किसी बाहरी पदार्थ को न लगाएं.

13. **कदाचार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई:**

   **क.** उम्मीदवारों को यह चेतावनी दी जाती है कि आवेदन भरते समय ऐसा कोई विवरण न दें/जो असत्य, जाली/बनावटी हो एवं आवेदनपत्र भरते समय किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को न छिपाएँ.

   **ख.** यदि लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के समय कोई उम्मीदवार निम्नलिखित बातों का दोषी पाया जाता है:

   i. परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करना या

   ii. छद्म व्यक्ति बनकर या अन्य व्यक्ति के स्थान पर परीक्षा देना या

   iii. परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करना या प्रश्नपत्र (अथवा उसका कोई भाग)/उत्तर पुस्तिका को परीक्षा हॉल से बाहर ले जाना या

   iv. उम्मीदवार के रूप में अपने चयन हेतु किसी अनियमित या अनुचित साधन का आश्रय लेना या

   v. अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनुचित साधन की सहायता लेना.

तो ऐसे उम्मीदवार के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही तो होगी ही, साथ ही निम्नलिखित के लिए भी उत्तरदायी होगा:

- जिस परीक्षा में भाग ले रहे होंगे, उसमें उसे अयोग्य घोषित किया जाएगा.
- भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित किसी भी भर्ती परीक्षा से स्थायी रूप से या किसी निश्चित अवधि के लिए वंचित कर दिया जाएगा.

**ग)** बैंक उम्मीदवार के जवाबों का परीक्षा में शामिल अन्य उम्मीदवारों के जवाबों के साथ समानता ढूंढ़ने के लिए विश्लेषण करता है. इस विश्लेषण के आधार पर यदि यह पाया गया कि जवाब एक जैसे हैं, और प्राप्त अंक यथार्थ/वैध नहीं है, तो बैंक के पास उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है.

**घ) उम्मीदवारों को मोबाइल फोन, पेजर, कैलक्यूलेटर या ऐसे उपकरण का उपयोग करने की अनुमति नहीं है.**

i. जहां परीक्षा आयोजित की गयी है, उस परिसर में मोबाइल फोन, पेजर्स या कोई भी संचार उपकरण लाने की अनुमति नहीं है. इन सूचनाओं का पालन न करने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और भविष्यकालीन परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति न मिलने के साथ–साथ उन पर अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी.

ii. उम्मीदवारों को उनके हित में यह सलाह दी जाती है कि वे मोबाइल फोन/पेजर्स जैसी निषिद्ध वस्तुएं परीक्षा परिसर में न लाएं क्योंकि इन चीजों के सुरक्षित रखरखाव का आश्वासन नहीं दिया जा सकता.

iii. उम्मीदवारों को परीक्षा परिसर में कैलक्यूलेटर लाने या उसका उपयोग करने की अनुमति नहीं है.

**14. आवेदन शुल्क और सूचना प्रभारः (वापस न करने योग्य):**

| क्र. | श्रेणी | शुल्क/सूचना प्रभार |
|---|---|---|
| 1. | अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी/एक्सएस/डीएक्सएस | शून्य |
| 2. | सामान्य/अपिव/ईडब्ल्यूएस | ₹750/- |

शुल्क/सूचना प्रभार भुगतान करने पर न तो उसे वापस किया जाएगा और न ही उस राशि को अन्य किसी परीक्षा या अन्य चयन में समायोजित किया जाएगा.

**15. आवेदन कैसे करेंः** उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और आवेदन का अन्य कोई तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा.

उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current-openings** या **https://www.sbi.co.in/web/careers/current-openings**- **Recruitment of Junior Associates 2025** के माध्यम से अपना पंजीकरण स्वयं ऑनलाइन करना होगा. पंजीकरण के बाद उम्मीदवार को आवश्यक आवेदन शुल्क ऑनलाइन तरीके से डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग से भरना होगा.

**हेल्पडेस्कः** फॉर्म भरने में कोई समस्या, शुल्क/सूचना शुल्क का भुगतान या प्रवेश/कॉल लेटर की प्राप्ति के मामले में, टेलीफोन नंबर पर प्रश्न पूछे जा सकते हैं 022-22820427 (**कार्य दिवस में** सुबह 11:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच) या अपने प्रश्न **http://cgrs.ibps.in** पर भेजें.

उम्मीदवारों को सूचना दी जाती है कि वे ईमेल के विषय में **'Recruitment of Junior Associates 2025'** का उल्लेख करना न भूलें.

**ऑनलाइन आवेदन के लिए जरूरी बातेंः** उम्मीदवार के पास अपना वैध ई–मेल आईडी/मोबाइल फोन नंबर होना चाहिए, जो अंतिम परिणाम आने तक सक्रिय रखी जानी चाहिए. उसके जरिए कॉल लेटर/सूचना आदि ई–मेल/एसएमएस के माध्यम से उनको मिलने में सहायता होगी.

**क. ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए दिशानिर्देशः**

क. **फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे के निशान और हस्तलिखित घोषणा** को स्कैन करने के लिए दिए गये दिशा–निर्देशों के अनुसार उम्मीदवार पहले अपना फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन करें **(अनुलग्नक–II).**

ख. **हस्तलिखित घोषणा के लिए पाठ इस प्रकार है:**

*"I,____________________________________(Name of the candidate), Date of Birth______________hereby declare that all the information submitted by me in the application form is correct, true and valid. I will present the supporting documents as and when required. The signature, photograph and left thumb impression is of mine".*

ग. **बाएं अंगूठे का निशानः** यदि किसी उम्मीदवार के पास बायां अंगूठा नहीं है तो वह आवेदन करने के लिए अपने दाहिने अंगूठे का उपयोग कर सकता है)

घ. उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers/Current-openings** या **https://www.sbi.co.in/careers/Current-openings** पर जाना होगा और **कनिष्ठ सहयोगी की भर्ती (Recruitment of Junior Associates)** के तहत उपलब्ध उचित ऑनलाइन आवेदन फॉर्म खोलना होगा.

ङ. आवेदन–पत्र सावधानी से भरें. आवेदन पत्र पूर्णतः भरने के बाद उम्मीदवार डेटा प्रस्तुत करें. प्रथम कोशिश में, यदि उम्मीदवार एक ही बार में डेटा पूर्णतः नहीं भर सकते हैं, तो पहले प्रविष्ट डेटा को सेव कर सकते हैं. जब डेटा सेव हो जाता है तब अनन्तिम पंजीयन संख्या और पासवर्ड प्रणाली द्वारा तैयार होगा और वह स्क्रीन पर दिखाई देगा. उम्मीदवार पंजीकरण संख्या और पासवर्ड लिख लें. पंजीकरण संख्या और पासवर्ड की मदद से वे सेव किया हुआ डेटा फिर से खोलें और यदि जरूरी हो, तो विवरणों में संशोधन करें. यह सुविधा केवल तीन बार उपलब्ध होगी. आवेदन–पत्र पूर्णतः भरने के बाद उम्मीदवार डेटा प्रस्तुत करें. इसके बाद कोई बदलाव/ संशोधन की अनुमति नहीं हैं. इस स्तर पर पंजीकरण अनन्तिम है.

च. आवेदन–पत्र में भरे विवरण सही हैं, यह सुनिश्चित करने के बाद आवेदन को स्क्रीन पर उपलब्ध निर्देशों के अनुसार आवेदन–पत्र के साथ समन्वित पेमेंट गेटवे के माध्यम से भुगतान करना होगा.

छ. भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग से स्क्रीन पर पूछी गई जानकारी प्रस्तुत करने के बाद किया जा सकता है. ऑन लाइन भुगतान के लिए यदि कोई लेनदेन शुल्क हो, तो वह उम्मीदवार को अदा करना होगा.

ज. सफलतापूर्वक भुगतान पूर्ण होने पर, ई–रसीद एवं आवेदन पत्र तैयार होगा, जिसका प्रिंटआउट आवेदक अपने रिकार्ड हेतु ले लें. **आवेदन का प्रिंटआउट एसबीआई को न भेजें.**

झ. यदि ऑनलाइन लेनदेन सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं होता है, तो कृपया पुनः पंजीकरण करें. आवेदक ऑनलाइन लिंक पर जाएं और अपने आवेदन विवरण पुनः भरकर ऑनलाइन भुगतान करें.

ञ. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में आधार विवरण प्रदान करने का विकल्प दिया जाएगा. बैंक चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में उम्मीदवार का ऑनलाइन आधार सत्यापन कर सकता है.

**ख. फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे के निशान और हस्तलिखित घोषणा को स्कैन करने के लिए दिशानिर्देशः**

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार को निम्न निर्देशित विशेष विवरण के अनुसार अपने फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे के निशान और हस्तलिखित घोषणा की स्कैन्ड (डिजिटल) इमेज **अनुलग्नक–II** के अनुसार बनानी होगी. उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक उम्मीदवार निर्दिष्ट रूप में फोटो, हस्ताक्षर, अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा अपलोड नहीं करते.

**नोटः** i. यदि फोटोग्राफ में चेहरा या हस्ताक्षर या अंगूठे के निशान या हस्तलिखित घोषणा अस्पष्ट है, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है.

ii. यदि फोटोग्राफ/हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान/हस्तलिखित घोषणा अस्पष्ट है, तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संपादित कर सकता है और अपने फोटोग्राफ/हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान/हस्तलिखित घोषणा फिर से अपलोड कर सकता है.

**16. सामान्य सूचनाः**

क. पद के लिए आवेदन करने से पहले उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्तवर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तारीख को पूरा करता/करती है और कि उसके द्वारा प्रस्तुत ब्यौरा सभी प्रकार से सही है.

ख. उम्मीदवार को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है.

ग. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने पर सिस्टम जनरेटेड ऑन लाइन आवेदन–पत्र का प्रिंट आउट लेकर अपने पास रखें.

घ. उम्मीदवारों को आवेदन करने वाले पद के लिए उनकी पात्रता के बारे में स्वयं को संतुष्ट करना चाहिए. बैंक ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर अपेक्षित शुल्क के साथ पद के लिए आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए स्वीकार करेगा और बैंक की सेवा में आने के समय ही उनकी पात्रता निर्धारित करेगा. दस्तावेज़ों के संदर्भ में, उम्मीदवारों की आयु/ पात्रता/ श्रेणी (एससी/ एसटी/ ओबीसी/ ईडब्ल्यूएस/ पीडब्ल्यूबीडी/ एक्सएस/ डीएक्सएस) आदि के सत्यापन के बिना परीक्षा में प्रवेश पूर्ण रूप से अनंतिम होगा.

ङ. **आवेदन पत्र एक बार प्रस्तुत कर दिए जाने पर उसमें किसी भी विवरण (श्रेणी सहित) में परिवर्तन/सुधार के लिए अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा. इस संबंध में किसी पत्राचार/फोन/ईमेल पर विचार नहीं किया जाएगा. उम्मीदवारों को सूचना दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन को सावधानी से भरें और आवेदन में सही जानकारी प्रस्तुत करें.**

च. उम्मीदवारों को सूचना दी जाती है कि आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से पहले ऑनलाइन आवेदन करें और अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करें ताकि इंटरनेट पर अतिभार से या वेबसाइट बंद होने से डिस्कनेक्शन/असहायता/वेबसाइट पर लॉग ऑन के लिए असमर्थता आदि न हो.

छ. ऊपर निर्दिष्ट कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण के बाहर के कारणों से अंतिम तिथि के अंदर आवेदन प्रस्तुत करने में असमर्थ होने वाले उम्मीदवारों की जिम्मेदारी भारतीय स्टेट बैंक की नहीं होगी.

ज. उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत न करें. यदि उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन करता है, तो केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन मान्य होगा और आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार जो अन्य आवेदन के लिए भरा है उसे जब्त किया जाएगा. उम्मीदवार की परीक्षा में अनेक बार उपस्थिति/प्रकटन मान्य नहीं होगा और उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

झ. परीक्षा के आयोजन के समय कुछ समस्याओं के उत्पन्न होने की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है, जिसका प्रभाव परीक्षा के आयोजन तथा/अथवा परिणामों पर भी पड़ सकता है. ऐसी स्थिति में, ऐसी समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा और ऐसे प्रयास में यदि आवश्यक हुआ, तो दूसरी परीक्षा का आयोजन करना शामिल है.

ञ. प्रारंभिक परीक्षा का कॉल लेटर परीक्षा केन्द्र पर एकत्र नहीं किया जाएगा. उम्मीदवारों को कॉल लेटर को अपने साथ सुरक्षित रखने की जरूरत होगी. जिन उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा के लिए बुलाया जाता है, उन्हें ''एक्वेंट योरसेल्फ पुस्तिका'' ("acquaint yourself booklet") और कॉल लेटर में दी गई जानकारी के अनुसार मुख्य परीक्षा कॉल लेटर और अन्य आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ यह कॉल लेटर लाना अनिवार्य होगा.

ट. सरकारी/अर्ध-सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत उम्मीदवारों को चयन के मामले में नियुक्ति के समय अपने नियोक्ता का उचित ''सेवा-मुक्ति'' (डिस्चार्ज) प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

ठ. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों को यदि बैंक में कार्य-ग्रहण करने के लिए बुलाया जाता है, तो भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति-प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

ड. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार जो एक ऐसे राज्य से चले गए हैं जहां उनका समुदाय निर्धारित सूची में है, और दूसरे राज्य में जहां उनका समुदाय निर्धारित सूची में नहीं है, उन्हें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के रूप में माना जाता रहेगा.

ढ. अ.पि.व. श्रेणी में आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में वचनपत्र देना होगा कि वह पंजीकरण की अंतिम तिथि को क्रीमी लेयर में समाविष्ट नहीं थे.

ण. यदि उपयुक्त पाया जाता है, तो 01.04.2025 से नियुक्ति ग्रहण करने की तारीख की अवधि के दौरान जारी 'नॉन-क्रीमी लेयर' खंड वाला ओबीसी प्रमाण पत्र कार्यग्रहण करने के समय प्रस्तुत करना होगा.

त. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार संबंधित वित्तीय वर्ष के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकरण द्वारा जारी 'आय और आस्ति प्रमाण पत्र' के प्रस्तुतीकरण पर प्राप्त किया जा सकता है.

थ. उम्मीदवारों को सूचना दी जाती है कि वे अपने पंजीकृत ई-मेल आईडी/मोबाइल को सक्रिय रखें जिससे कॉल लेटर/सूचनाएं आदि जैसी सूचनाएं प्राप्त की जा सकें.

द. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित होने और केवाइई (अपने कर्मचारी को जानिए) औपचारिकताओं को संतोषजनक रूप से पूरा करने के अध्यधीन रहेगी. ऐसी नियुक्ति बैंक के सेवा एवं आचरण नियमों के भी अध्यधीन रहेगी.

ध. पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने, अन्य परीक्षाएं और चयन के सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होंगे. इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र-व्यवहार किया जाएगा.

न. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/ फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है.

प. इस विज्ञापन से और/ या इसके प्रत्युत्तर में प्राप्त हुए किसी आवेदन से उत्पन्न किसी दावा या विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई में प्रारंभ की जा सकती है और मुंबई स्थित न्यायालय/ प्राधिकरण/ फोरम को ही कारण/ विवाद पर मुकदमा चलाने का एकमात्र तथा विशेष अधिकार है.

फ. भर्ती किए गए नए उम्मीदवारों में विपणन-कौशल्य का हुनर होना आवश्यक है और उन्हें ग्राहक से बातचीत करना और बैंक परिसर के अन्दर तथा बाहर बैंकिंग सेवाएं, परामर्श सेवाएं देना और अतिरिक्त उत्पाद बेचना (क्रॉस-सेलिंग) आदि करना होगा. इन कर्तव्यों के निर्वहन में कार्यालय से बाहर जाना भी शामिल है. आवश्यकता के आधार पर, लचीला कार्यसमय रहेगा और पाली (शिफ्ट) में कार्य करना होगा.

ब. चूंकि इस परियोजना का रिकार्ड, ऑनलाइन परीक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित होने के एक वर्ष के बाद नहीं रखे जाएंगे, उसके बाद इस परियोजना से संबंधित जानकारी/डेटा उपलब्ध नहीं रहेंगे.

भ. किसी उम्मीदवार के चयनित होने के बाद, बैंक में सेवाग्रहण करने से पहले, उम्मीदवार को उसके विरुद्ध लंबित आपराधिक मामले, यदि कोई हो, के बारे में विवरण प्रदान करना होगा. बैंक स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है, जिसमें पुलिस रिकॉर्ड का सत्यापन आदि शामिल है. बैंक ऐसे प्रकटनों और/ या स्वतंत्र सत्यापन के आधार पर नियुक्ति से इनकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है.

**17. घोषणाएं:** इस प्रक्रिया से संबंधित सभी भावी घोषणा/विवरण समय समय पर केवल एसबीआई अधिकृत वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers** या **https://www.sbi.co.in/web/careers** पर प्रकाशित/उपलब्ध कराए जाएंगे.

**18. डिसक्लेमर:** यदि भर्ती के किसी भी स्तर पर यह पता लग जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई भी गलत/असत्य जानकारी दी है या किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, या परीक्षा के दौरान किसी अनुचित प्रथा में लिप्त रहा है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. यदि इन कमियों में से किसी का भी नियुक्ति के बाद पता लग जाता है, तो उनकी सेवाओं को समाप्त किया जा सकता है. पात्रता, लिखित परीक्षा का संचालन, अन्य परीक्षण और चयन आदि से संबंधित सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम होगा, और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी रहेगा. इस संबंध में बैंक द्वारा कोई अभ्यावेदन या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

**19. बैंक किसी भी चरण में भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह से रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.**

**किसी भी तरह की सिफारिश अयोग्यता मानी जाएगी.**

यह विज्ञापन बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers** या **https://www.sbi.co.in/web/careers** पर भी उपलब्ध है.

**प्रिंटिंग में त्रुटि के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं है.**

**किसी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विस्तृत विज्ञापन की शर्तें मान्य होंगी.**

**मुंबई**
**दिनांक: 06.08.2025**

**महाप्रबंधक**
**(आरपी एवं पीएम)**

अनुलग्नक-I

## प्रारंभिक परीक्षा और मुख्य परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची

| राज्य कोड | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | परीक्षा केन्द्र |
|---|---|---|
| 11 | अंडमान व निकोबार | पोर्ट ब्लेअर |
| 12 | आंध्र प्रदेश | अनंतपुर, गुंटूर/विजयवाड़ा, कड़प्पा, काकीनाडा, कर्नूल, नेल्लूर, राजमंड्री, श्रीकाकुलम, तिरूपति, विशाखापट्टनम, विजयनगरम |
| 13 | अरुणाचल प्रदेश | नाहरलागुन, पापुमपारे |
| 14 | असम | डिब्रुगढ़, गुवाहाटी, जोरहाट, सिलचर, तेजपुर |
| 15 | बिहार | आरा, भागलपुर, दरभंगा, गया, मुजफ्फरपुर, पटना, पुर्णिया |
| 16 | चंडीगढ़ | मोहाली |
| 17 | छत्तीसगढ़ | भिलाई नगर, बिलासपुर, रायपुर |
| 18 | दिल्ली–एनसीआर | दिल्ली/एनसीआर (सभी एनसीआर सिटी) |
| 19 | गोवा | पणजी |
| 20 | गुजरात | अहमदाबाद–गांधीनगर, आनंद/वड़ोदरा, जामनगर, मेहसाणा, राजकोट, सूरत/बारडोली, वड़ोदरा |
| 21 | हरियाणा | अंबाला, फरीदाबाद, गुरूग्राम, हिस्सार, कुरूक्षेत्र |
| 22 | हिमाचल प्रदेश | बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, बद्दी, सोलन, ऊना |
| 23 | जम्मू और कश्मीर | बारामूला, जम्मू, पुलवामा, सांबा, श्रीनगर |
| 24 | झारखंड | बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, जमशेदपुर, रांची |
| 25 | कर्नाटक | बेंगलूरु, बेलगांव, दावणगारे, गुलबर्गा, हुबली–धारवाड, मंगलोर, मैसूर, शिमोगा, उडुप्पी |
| 26 | केरल | आलप्पुझा, इडुक्की, कन्नूर, कोच्चि/एर्नाकुलम, कोल्लम, कोट्टयम, कोलिकोड़, मलप्पुरम, पालक्काड, तिरुवनंतपुरम, त्रिश्शूर |
| 27 | लद्दाख | लेह, कारगिल |
| 28 | लक्ष्यद्वीप | कवराती |
| 29 | मध्य प्रदेश | भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, सागर, सतना, उज्जैन |

| राज्य कोड | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | परीक्षा केन्द्र |
|---|---|---|
| 30 | महाराष्ट्र | अहिल्यानगर (अहमदनगर), अकोला, अमरावती, छत्रपति संभाजी नगर (औरंगाबाद), धुले, जलगाँव, कोल्हापुर, लातूर, मुंबई/ठाणे/नवी मुंबई/एमएमआर, नागपुर, नांदेड, नाशिक, पुणे, रायगढ़, सांगली, सातारा, सोलापुर |
| 31 | मणिपुर | इम्फाल, चुराचांदपुर, काकचिंग |
| 32 | मेघालय | शिलाँग, तुरा |
| 33 | मिजोराम | आइजोल |
| 34 | नागालैंड | दीमापुर, कोहिमा |
| 35 | ओडिशा | बालेशर, बरहमपुर (गंजम), भुवनेश्वर, कटक, राउरकेला, संबलपुर, बारीपदा, पुरी |
| 36 | पुदुचेरी | पुदुचेरी |
| 37 | पंजाब | अमृतसर, भटिंडा, जालंधर, लुधियाना, मोहाली, पटियाला, मोगा, फगवाड़ा |
| 38 | राजस्थान | अजमेर, बीकानेर, हनुमानगढ़, जयपुर, जोधपुर, कोटा, सीकर, उदयपुर |
| 39 | सिक्किम | गंगटोक |
| 40 | तमिलनाडु | चेन्नई, कोयंबतूर, कडलूर, ईरोड, करुर, मदुरै, नागरकोइल, नामक्कल, सेलम, तंजावूर, तिरुचिरापल्ली, तिरुनेलवेली, वेल्लोर, विरुदुनगर |
| 41 | तेलंगाना | हैदराबाद, करीमनगर, खम्मम, वारंगल |
| 42 | त्रिपुरा | अगरतला |
| 43 | उत्तर प्रदेश | आगरा, अलीगढ़, बरेली, फैजाबाद, गाजियाबाद, गोरखपुर, झाँसी कानपुर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नोएडा और ग्रेटर नोएडा, प्रयागराज (इलाहाबाद), वाराणसी |
| 44 | उत्तराखंड | देहरादून, हल्दवानी, रूड़की |
| 45 | पश्चिम बंगाल | आसनसोल, दुर्गापुर, ग्रेटर कोलकाता, हुगली, हावड़ा कल्याणी, सिलीगुड़ी, बर्दवान, बांकुरा |

## फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा की स्कैनिंग और अपलोड करने के लिए दिशानिर्देश:

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार को नीचे दिए गए निर्देश के अनुसार अपने फोटो, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा की स्कैन (डिजिटल) इमेज की आवश्यकता होगी।

**क. हस्तलिखित घोषणा के लिए पाठ इस प्रकार है:**

*"I,_______________________________ (Name of the candidate), Date of Birth ___________hereby declare that all the information submitted by me in the application form is correct, true and valid. I will present the supporting documents as and when required. The signature, photograph and left thumb impression is of mine".*

**ख.** बाएं अंगूठे का निशान: यदि किसी उम्मीदवार के पास बायां अंगूठा नहीं है तो वह आवेदन करने के लिए अपने दाहिने अंगूठे का उपयोग कर सकता है)

(i) **फोटोग्राफ इमेज: (4.5cm × 3.5cm)**

- फोटोग्राफ अद्यतन, पासपोर्ट साइज और रंगीन होना चाहिए.
- पिक्चर रंगीन होनी चाहिए और वह सफेद या फीकी रंगीन पृष्ठभूमि पर होनी चाहिए.
- स्वस्थ चित्त होकर कैमरे की ओर सीधे देखें.
- यदि फोटो सूर्यप्रकाश में ली जाएं तो सूरज आपके पीछे हो या आप छाया में खड़े हों, जिससे आपका फोटो साफ आए.
- अगर आपको फ्लैश का उपयोग करना पड़े तो 'रैड आई' न हो.
- अगर आप चश्मे का उपयोग करते हैं, तो आपकी आँखे साफ नजर आने के लिए चश्मे पर प्रतिबिंब न हो.
- टोपियाँ, हैट और काला चश्मा स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक परंपरा के अनुसार पगड़ी स्वीकार्य है, पर उससे आपका चेहरा ढकना नहीं चाहिए.
- आयाम 200 x 230 पिक्सैल (वरीयतः)
- फाइल का साइज 20 केबी–50 केबी के बीच हो.
- यह सुनिश्चित करें कि स्कैन की हुई फोटो की साइज 50 केबी से अधिक न हो. अगर फाईल की साइज 50 केबी से अधिक है, तो स्कैनर का सेटिंग इस तरह समायोजित करें कि डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि स्कैनिंग के समय ठीक हो.
- अपलोड की गई फोटो उचित आकार की और स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए.
- **यह सूचना दी जाती है कि उम्मीदवार उसी फोटो की लगभग 8 प्रतियां रखें जो आवेदन के समय अपलोड किया जाता है क्योंकि चयन प्रक्रिया के आगे के चरणों के लिए इनकी आवश्यकता होगी.**

**फोटोग्राफ कैप्चर करना:**

- उपर्युक्त फोटोग्राफ के अलावा, उम्मीदवारों को वेबकैम या मोबाइल फोन का उपयोग कर अपना लाइव फोटोग्राफ भी लेकर अपलोड करना होगा.
- ''कैप्चर फोटो'' विकल्प चुनने पर उम्मीदवार का वेबकैम उनकी पिक्चर लेने के लिए सक्रिय हो जाएगा जिससे पिक्चर आवेदन फॉर्म में स्वत: अपलोड हो जायेगी.

''क्लिक हियर टू स्कैन'' विकल्प चुनने पर उम्मीदवार क्यूआर कोड स्कैन करने के लिए अपने मोबाइल फोन का उपयोग कर सकते हैं जो वेबसाइट पर रिडाइरेक्ट करेगा और अपने मोबाइल फोन पर फोटोग्राफ क्लिक करने देगा. टेकन पिक्चर चुनने पर फोटोग्राफ स्वत: आवेदन फॉर्म में अपलोड हो जायेगा.

| फोटो कैप्चर करने लिए क्या करें और क्या न करें | |
|---|---|
| **क्या करें:** | **क्या न करें:** |
| (i) सुनिचित करें कि फोटो हल्के रंग वाली पृष्ठभूमि अधिमानत: सफेद पृष्ठभूमि और पर्याप्त प्रकाश वाले स्थान पर लें.<br>(ii) वेबकैम/ कैमरे पर सीधे देखें | (i) छोटे आकार का फोटोग्राफ क्लिक/ अपलोड न करें.<br>(ii) रंगीन ग्लास या सनग्लास/ कैप नहीं पहनें. |

(ii) **हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा की इमेज:**

- उम्मीदवार सफेद कागज पर काले स्याही के पेन से **हस्ताक्षर** करें.
  - आयाम 140 x 60 पिक्सेल (वरीयत:)
  - फाइल की साइज 10 केबी–20 केबी हो
  - सुनिश्चित करें कि स्कैन किए हुए हस्ताक्षर का आकार 20 केबी से अधिक न हो.
  - हस्ताक्षर अपलोड उचित आकार का होना चाहिए और स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा हो.
- आवेदक को एक सफेद कागज पर काली या नीली स्याही से **अपने बाएं अंगूठे का निशान** लगाना होता है.
  - **फाइल प्रकार:** जेपीजी/जेपीईजी
  - **आयाम:** 200 डीपीआई में 240 x 240 पिक्सल (आवश्यक गुणवत्ता के लिए) यानी 3cm × 3cm (चौड़ाई x ऊंचाई).
  - **फाइल का आकार:** 20 केबी–50 केबी
- आवेदक को सफेद कागज पर काली स्याही से **अंग्रेजी में घोषणा** स्पष्ट रूप से लिखनी होगी.
  - **फाइल प्रकार:** जेपीजी/जेपीईजी
  - **आयाम:** 200 डीपीआई में 800 x 400 पिक्सल (आवश्यक गुणवत्ता के लिए) यानी 10cm × 5cm (चौड़ाई x ऊंचाई).
  - **फाइल का आकार:** 50 केबी–100 केबी
- हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और **हस्तलिखित घोषणा केवल आवेदक की होनी चाहिए** न कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा.
- यदि परीक्षा के समय हस्ताक्षरित उपस्थिति पत्रक या कॉल लेटर पर आवेदक के हस्ताक्षर, अपलोड किए गए हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते हैं, तो आवेदक को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.
- **अंग्रजी के बड़े अक्षरों में हस्ताक्षर/हस्तलिखित घोषणा स्वीकार नहीं की जाएगी.**

**सुनिश्चित करें कि फोटो, हस्ताक्षर, अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा केवल ऑनलाइन आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थानों पर अपलोड की गई हो.**

(iii) **दस्तावेज़ों को स्कैन करना:**

- स्कैन का रिजोल्यूशन न्यूनतम 200 डीपीआई (डॉटस् प्रति इंच) सेट करें.
- कलर को ट्रू कलर सेट करें.
- फाइल साइज, जैसा ऊपर विनिर्दिष्ट किया गया है.
- फोटो/हस्ताक्षर/बाएं अंगूठे के निशान/हस्तलिखित घोषणा के किनारे तक स्कैनर में छवि को क्रॉप करें और उसके बाद अंतिम आकार (जैसाकि ऊपर निर्दिष्ट किया गया है) तक छवि का क्रॉप करने के लिए अपलोड एडिटर का उपयोग करें.
- इमेज की फाइल जेपीजी या जेपीईजी फॉर्मेट में हो. उदाहरण के लिए फाइल का नाम 'image01.jpg' अथवा 'image01.jpeg'. इमेज के आयाम (चौड़ाई x ऊंचाई) की जांच फोल्डर फाइल का लिस्टिंग करके या माऊस को फाइल इमेज आईकॉन की ओर घुमाकर की जा सकती है.
- एमएस विंडोज/एमएसऑफिस का उपयोग करने वाले उम्मीदवार एमएस पेंट या एमएसऑफिस पिक्चर मैनेजर का उपयोग करके .jpeg फॉर्मेट में आसानी से दस्तावेज़ प्राप्त कर सकते हैं. किसी भी फॉर्मेट में स्कैन किए गए दस्तावेज़ों को फ़ाइल मेनू में 'Save As' विकल्प का उपयोग करके .jpg प्रारूप में सहेजा जा सकता है. क्रॉप और रिसाइज विकल्प का उपयोग करके आकार को समायोजित किया जा सकता है.

(iv) **दस्तावेज़ों को अपलोड करने की प्रक्रिया:**

- ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरते समय उम्मीदवार को अपने फोटो, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा अपलोड करने के लिए लिंक प्रदान किए जाएंगे.
- संबंधित लिंक "Upload Photograph/ Signature/ left thumb impression/ hand-written declaration" पर क्लिक करें.
- उस स्थान को ब्राउज़ करें और चुनें जहां स्कैन किए गए फोटोग्राफ/हस्ताक्षर/बाएं अंगूठे का निशान/ हस्तलिखित घोषणा फ़ाइल को सहेजा गया है.
- क्लिक से फाइल सिलेक्ट करें.
- 'ओपन/अपलोड' बटन पर क्लिक करें.
- फ़ाइल का आकार और फॉर्मेट निर्धारित रूप में न होने पर एक त्रुटि संदेश प्रदर्शित किया जाएगा.
- अपलोड की गई छवि का प्रीव्यू छवि की गुणवत्ता को देखने में मदद करेगा. अस्पष्ट/धब्बे के मामले में, इससे अपेक्षित स्पष्टता/गुणवत्ता लाकर फिर से अपलोड किया जा सकता है.

**जब तक आप अपना फोटो, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान, हस्तलिखित घोषणा निर्दिष्ट रूप में अपलोड नहीं करते हैं, तब तक आपका ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत नहीं होगा.**

**नोट:**

(1) फोटोग्राफ में चेहरा या हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान या हस्तलिखित घोषणा अस्पष्ट/ धब्बेदार होने पर उम्मीदवार के आवेदन को अस्वीकार किया जा सकता है.

(2) ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में फोटोग्राफ/हस्ताक्षर/बाएं अंगूठे का निशान/हस्तलिखित घोषणा अपलोड करने के बाद उम्मीदवारों को यह जांच करना चाहिए कि छवियां स्पष्ट हैं और उन्हें सही ढंग से अपलोड किया गया है. यदि फोटोग्राफ या हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान या हस्तलिखित घोषणा प्रमुखता से दिखाई नहीं देती है, तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संपादित कर सकता है और ऑनलाइन आवेदन फॉर्म जमा करने से पहले अपने फोटोग्राफ या हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान या हस्तलिखित घोषणा फिर से अपलोड कर सकता है.

(3) उम्मीदवार यह भी सुनिश्चित करें कि फोटो के स्थान पर फोटो और हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर अपलोड किया गया है. **यदि फोटो के स्थान पर फोटो और हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर उचित रूप से अपलोड नहीं किया जाता है, तो उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.**

(4) उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना होगा कि अपलोड की जाने वाली फोटो आवश्यक आकार की हो और चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई दिया जाना चाहिए.

(5) यदि फोटो के स्थान पर फोटो अपलोड नहीं किया गया है तो परीक्षा के लिए प्रवेश अस्वीकार/इनकार कर दिया जाएगा. उम्मीदवार इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा.

(6) उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अपलोड किया गया हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा हो.

**ऑनलाइन पंजीकरण करने के बाद उम्मीदवार को सूचित किया जाता है कि वे अपने सिस्टम द्वारा जनरेट किए गए ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंट–आउट लें.**

**प्रारूप – ए**

**कार्यमुक्त/सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए लागू प्रमाण–पत्र का फॉर्म**

प्रमाणित किया जाता है कि क्र..................... रैंक..................... नाम......................
................................................ जिनकी जन्मतिथि......................है, ने थलसेना/ नौसेना/वायुसेना में ...................... से .................... तक अपनी सेवाएं प्रदान की हैं.

2. वह सैन्य सेवाओं से कार्यमुक्त हुए हैंः

**क.** #असाइन्मेंट पूरा होने पर, परंतु निम्न कारणों से नहीं

i. बर्खास्तगी द्वारा, या

ii. दुर्व्यवहार या अकार्यकुशलता के कारण सेवा से अलग करने पर, या

iii. उनके स्वयं के आग्रह पर लेकिन अपनी पेंशन अर्जित किए बिना, या

iv. वह ऐसी रिलीज़ के लंबित होने के कारण रिज़र्व में स्थानांतरित नहीं किए गए हैं

**ख.** #सैन्य सेवा के दौरान शारीरिक विकलांगता के कारण

**ग.** # सैन्य सेवा के कम से कम पांच वर्ष की सेवा के बाद नि:शक्तता पर

3. वह भूतपूर्व सैनिक (केंद्रीय सिविल सेवाओं और पदों में पुनःनियुक्ति) नियम, 1979, यथा समय–समय पर संशोधित, की परिभाषा के अंतर्गत शामिल है.

स्थान : **हस्ताक्षर**
दिनांकः **सक्षम प्राधिकारी के नाम और पदनाम****
**मुहर**

# जो लागू न हो वह पैराग्राफ काट दें.

**प्रारूप – सी**

**एक वर्ष में कार्यमुक्त होने वाले**
**सेवारत सशस्त्र बल कर्मचारी द्वारा शपथपत्र दिया जाए**

1. मैं यह जानता हूँ कि, इस आवेदन–पत्र से संबंधित भर्ती/परीक्षा के आधार पर चयनित होने पर, मेरी नियुक्ति, नियुक्ति कर्ता प्राधिकारी को संतोषजनक दस्तावेज़ी प्रमाण प्रस्तुत करने के अध्यधीन होगी, कि मैं सशस्त्र बलों से बकायदा कार्यमुक्त/सेवानिवृत्त/सेवामुक्त हूँ और मैं भूतपूर्व सैनिक (केंद्रीय सिविल सेवाओं और पदों में पुनः नियुक्ति) नियम, 1979, यथा समय–समय पर संशोधित, की परिभाषा के अंतर्गत मान्य लाभों के लिए पात्र हूँ.

2. मैं यह भी जानता हूँ कि इस परीक्षा में शामिल किए गए भर्ती के संबंध में भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्त–पद के लिए उस स्थिति में नियुक्ति का पात्र नहीं रहूंगा जब ऐसी नियुक्ति से पहले कभी भी मैंने, भूतपूर्व सैनिकों को मान्य रिक्त–पदों के आरक्षण की रियायत का लाभ लेकर सिविल पक्ष (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्वायत्तशासी निकाय/ वैधानिक निकाय, राष्ट्रीयकृत बैंक आदि) में कोई रोजगार प्राप्त कर लिया हो.

स्थानः **हस्ताक्षर**
दिनांकः **उम्मीदवार का नाम**

**प्रारूप – बी**

**सेवारत कर्मचारी के प्रमाण–पत्र हेतु फॉर्म**
**(उन सेवारत कर्मचारियों के लिए लागू जो एक वर्ष में कार्यमुक्त होनेवाले हैं)**

प्रमाणित किया जाता है कि, क्र...................... रैंक................... नाम......................
............................................................ जिनकी जन्मतिथि ........................है,
................................... से थलसेना/नौसेना/वायुसेना में............................. से सेवारत हैं.

2. वह असाइन्मेंट की निर्दिष्ट अवधि पूरी होने पर कार्यमुक्त/सेवानिवृत्त हो जाएंगे.

3. उनके विरुद्ध कोई अनुशासनिक कार्रवाई लंबित नहीं है.

स्थानः **हस्ताक्षर**
दिनांकः **सक्षम प्राधिकारी के नाम और पदनाम****
**मुहर**

**प्रारूप – डी**

**अपना आरंभिक असाइन्मेंट पूरा कर चुके और विस्तारित असाइन्मेंट पर**
**सेवारत कर्मचारियों के लिए लागू प्रमाण–पत्र का फॉर्म**

प्रमाणित किया जाता है कि, क्र......................... रैंक.............................................
नाम........................................................जिनकी जन्मतिथि......................... है,
................................... से थलसेना/नौसेना/वायुसेना में सेवारत है.

2. वह........................... को अपना पांच वर्ष का आरंभिक असाइन्मेंट पूरा कर चुके हैं और ........................... तक विस्तारित असाइन्मेंट पर हैं.

3. सिविल रोजगार के लिए उनके आवेदन करने पर हमें कोई आपत्ति नहीं है और चयनित होने पर नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त होने की तिथि से उन्हें तीन माह की सूचना में कार्यमुक्त कर दिया जाएगा.

स्थानः **हस्ताक्षर**
दिनांकः **सक्षम प्राधिकारी के नाम और पदनाम****
**मुहर**

** आयु में रियायत प्राप्त करने के लिए सशस्त्र बलों को प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए निम्नलिखित सक्षम प्राधिकारी हैंः

अ. **ईसीओ/एसएससीओ सहित कमीशन्ड अधिकारियों के मामले मेंः**

i. **थलसेना**ः मिलिट्री सेक्रेटरी ब्रांच, थलसेना मुख्यालय, नई दिल्ली;

ii. **नौसेना**ः कार्मिक निदेशालय, नौसेना मुख्यालय, नई दिल्ली;

iii. **वायुसेना**ः कार्मिक अधिकारियों का निदेशालय, वायुसेना मुख्यालय, नई दिल्ली.

ब. **जेसीओ/ओआर और नौसेना तथा वायुसेना के समकक्ष पदों के लिएः**

i. **थलसेना**ः विभिन्न रेजिमेंट रिकॉर्ड कार्यालयों द्वारा;

ii. **नौसेना**ः सीएबीएस, मुंबई;

iii. **वायुसेना**ः वायुसेना रिकॉर्ड्स, नई दिल्ली.

## आवेदन कैसे करें

https://bank.sbi/web/careers/current-openings पर लॉगिन करें.

नीचे स्क्रॉल करें और संबंधित विज्ञापन पर क्लिक करें

**विज्ञापन सं. CRPD/CR/2025-26/06 डाउनलोड करें**
(विस्तृत विज्ञापन ध्यानपूर्वक पढ़ें)

**ऑनलाइन आवेदन करें**
(अंतिम प्रस्तुतीकरण से पहले, कृपया अपना आवेदन अच्छी तरह पढ़ लें. अंतिम प्रस्तुतीकरण के बाद उसमें सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी)

